
दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



आजाद का पहला पोस्टर रिलीज.....



बेटी को पहनाई......

वर्ष : 10 अंक : 320 लखनऊ, 03 नवम्बर, रविवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## सबकी समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: सीएम योगी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि उनकी सरकार सबकी समस्या के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और बिना भेदभाव के सबको न्याय मिलेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया वे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर शनिवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने वाले कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

## पंजाब में पराली जलाने के एक दिन में सबसे अधिक 587 मामले दर्ज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब में खरीफ के चालू सत्र में शुक्रवार को पराली जलाने की घटनाओं में सबसे बड़ी वृद्धि देखी गई और कुल 587 मामले दर्ज किए गए। पंजाब दूर संवेदी केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर से एक नवंबर तक राज्य में पराली जलाने की 3,537 घटनाएं दर्ज की गईं। आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को पराली जलाने के संगरूर में 79, फिरोजपुर में 70, तरन-तारन में 59, अमृतसर में 40, बठिंडा में 34, कपूरथला में 43, मानसा में 47 और पटियाला में 40 मामले सामने आए। वहीं, फाजिल्का, रूपनगर और पठानकोट जिले में पराली जलाने का एक-एक मामला दर्ज किया गया। मौजूदा सत्र में इससे पहले सबसे ज्यादा 484 मामले बृहस्पतिवार को सामने आए थे, जिसमें संगरूर जिले में सबसे ज्यादा 89 मामले सामने आए। उसके बाद फिरोजपुर में 65 और मानसा में 40 मामले सामने आए थे। पिछले कुछ दिनों में पराली जलाने के मामलों में भारी वृद्धि हुई है।

## अमित शाह पर कनाडा के आरोपों को भारत ने किया खारिज

### बताया बेतुका, गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सरकार ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक कनाडाई मंत्री के आरोपों को बेतुका और निराधार बताया। कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को शुक्रवार को बुलाया गया और आरोपों के विरोध में एक नोट अधिकारी को सौंपा गया। आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि नवीनतम कनाडाई लक्ष्य के संबंध में, हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को बुलाया। इसमें बताया गया कि भारत सरकार उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और आधारहीन संदर्भों का कड़े शब्दों में विरोध करती है।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा सरकार के अधिकारियों ने भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने के लिए जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया को बेबुनियाद आक्षेप लीक किए। रणधीर जयसवाल ने कहा कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना कृत्यों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। सरकार ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि इस कदम का उद्देश्य भारत को बदनाम करना और अन्य देशों को प्रभावित करना था।

एमईए ने कहा कि वास्तव में, यह रहस्योद्घाटन कि कनाडा के उच्च अधिकारी भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सचेत रणनीति का हिस्सा केवल उस दृष्टिकोण की पुष्टि करता है जो भारत सरकार लंबे समय से वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार पैटर्न के बारे में रखती है। पिछले साल हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और भारतीय एजेंटों के बीच संबंधों के कनाडाई सरकार के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में खटास आ गई। सरकार ने शनिवार को कहा, इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।

कनाडाई सरकार द्वारा वीजा की संख्या में कटौती पर रणधीर जयसवाल ने कहा कि हम कनाडा में काम कर रहे अपने छात्रों और पेशेवरों की भलाई की निगरानी कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा के लिए हमारी चिंता मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे कुछ कांसुलर अधिकारियों को हाल ही में कनाडाई सरकार द्वारा सूचित किया गया था कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं और रहेंगे। उनके संचार को भी इंटरसेप्ट किया गया है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

## ओडिशा में दो वाहनों की टक्कर में छह लोगों की मौत, पांच घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में शनिवार तड़के एक वाहन के ट्रक से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना हेमगिरि पुलिस थाने के अंतर्गत गायकनापाली इलाके के पास हुई। यात्रियों को ले जा रही एक वैन ट्रक से टकरा गई थी। उन्होंने बताया, कीर्तन समूह के छह सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। ऐसा संदेह है कि इलाके में धुंध के कारण यह दुर्घटना हुई। कीर्तन पार्टी




दिवाली के अवसर पर एक कार्यक्रम के लिए चक्कपलाई गांव गई थी और कार्यक्रम के बाद अपने गांव लौट रही थी। अधिकारी ने बताया कि ये लोग सुंदरगढ़ जिले के कंडागोडा और समरपिंडा गांव से थे। उन्होंने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की मांग करते हुए सड़क जाम कर दी।

## सीएम योगी के 'बटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान पर अखिलेश यादव का पलटवार

### यह भाजपा की निराशा और विफलता का प्रतीक

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह नकारात्मक नारा भाजपा की निराशा और विफलता का प्रतीक है। अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि उनका नकारात्मक-नारा उनकी निराशा-नाकामी का प्रतीक है। इस नारे ने साबित कर दिया है कि उनके जो गिनती के 10% मतदाता बचे हैं अब वो भी



खिसकने के कगार पर हैं, इसीलिए ये उनको डराकर एक करने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन ऐसा कुछ होनेवाला नहीं।

सपा नेता ने आगे लिखा कि नकारात्मक-नारे का असर भी होता है, दरअसल इस निराश-नारे के आने के बाद, उनके बचे-खुचे समर्थक ये सोचकर और भी निराश हैं कि जिन्हें हम ताकतवर समझ रहे थे, वो तो सत्ता में रहकर भी कमजोरी की ही बातें कर रहे हैं। जिस आदर्श राज्य की कल्पना हमारे देश में की जाती है, उसके आधार में अभय होता है; भय नहीं। ये सच है कि भयभीत ही भय बेचता है क्योंकि जिसके पास जो होगा, वो वही तो बेचेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के इतिहास में ये नारा निकृष्टतम-नारे के रूप में दर्ज होगा और उनके राजनीतिक पतन के अंतिम अध्याय के रूप में आखिरी शाब्दिक कील-सा साबित होगा। उन्होंने कहा कि देश और समाज के हित में उन्हें अपनी नकारात्मक नजर और नजरिये के साथ अपने सलाहकार भी बदल लेने चाहिए, ये उनके लिए भी हितकर साबित होगा। एक अच्छी सलाह ये है कि पालें तो अच्छे विचार पालें और आस्तीनों को खुला रखें, साथ ही बाँहों को भी, इसी में उनकी भलाई है। सकारात्मक समाज कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

### संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम में दिवाली की रात आग लगने की 57 घटनाएं सामने आईं, आठ लोग झुलसे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली से सटे गुरुग्राम में दिवाली की रात पटाखे जलाने के कारण आग लगने की 57 घटनाएं सामने आईं जिनमें आठ लोग झुलस गए और छह वाहन जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन घटनाओं में किसी की मौत की खबर नहीं है, लेकिन लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झुलसे लोगों से से पांच का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि तीन को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। अग्निशमन विभाग के उपनिदेशक गुलशन कालरा ने बताया, आग लगने की घटनाओं पर समय रहते काबू पाने के लिए दस स्थानों पर दमकल वाहनों को तैनात किया गया था। आग की घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ।

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा में सेना ने तलाश अभियान शुरू किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा जिले में आतंकवादी गतिविधियां दिखाई देने के बाद शनिवार को तलाश अभियान शुरू किया गया। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने शुक्रवार देर शाम कहा कि सैनिकों ने उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा के पनार इलाके में संदिग्ध गतिविधियां देखीं। सेना ने कहा, चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जंगल में भाग गए। सेना ने कहा कि आतंकवादियों की तलाश के लिए इलाके में अभियान जारी है।

## फडणवीस ने सत्तारूढ़ दलों के प्रत्याशियों को पैसे भेजने संबंधी पवार की टिप्पणी को खारिज किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के इन आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया कि विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को पैसे पहुंचाने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। फडणवीस 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए पुणे में हैं। इससे पहले दिन में, पवार ने दावा किया था कि विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को पैसे पहुंचाने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

बारामती में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि वह इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से और अधिक बोलना चाहते हैं लेकिन ऐसा करने से बच रहे हैं क्योंकि इससे वे अधिकारी आहत होंगे, जिन्होंने उनके साथ जानकारी साझा की है। फडणवीस ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राकांपा (एसपी) प्रमुख को भ्रम हो रहा है क्योंकि ऐसी चीजें तब हुआ करती थीं, जब विपक्षी दल सत्ता में थे। फडणवीस ने विश्वास जताया कि दौंड और पुरंदर सीट पर राकांपा के बागी उम्मीदवार अपना नाम वापस ले लेंगे।

भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ नेता गोपाल शेट्टी से पार्टी के बारे में सोचने का आग्रह किया है। इस सप्ताह की शुरूआत में, मुंबई उत्तर से दो बार लोकसभा सदस्य रहे शेट्टी ने कहा था कि वह बोरीवली से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे क्योंकि उनका नाम भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की चौथी सूची में नहीं है। बोरीवली सीट से टिकट नहीं मिलने पर शेट्टी ने फडणवीस से मुलाकात की थी।

मुलाकात के बारे में बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, वह हमारे वरिष्ठ नेता हैं और मैंने उनसे पार्टी के बारे में सोचने का आग्रह किया है। उन्होंने पार्टी के अनुशासन का पालन किया है। मुझे यकीन है कि वह अब भी ऐसा ही करेंगे। उनका गुस्सा समझ में आता है। वर्ष 2014 और 2019 में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से चार लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतने वाले शेट्टी को 2024 के आम चुनाव में टिकट नहीं दिया गया। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जीत दर्ज की। भाजपा ने संजय उपाध्याय को बोरीवली से अपना उम्मीदवार बनाया है।

## अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना की तथा लोगों की खुशहाली के लिये प्रार्थना की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्नी के साथ मंदिर में हवन पूजन किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यआज अपनी धर्मपत्नी के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर हवन-पूजन किया एवं



प्रभु के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। हनुमान जी से सभी की सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। कुछ घंटों बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी पत्नी के साथ हनुमान मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। दिल्ली भाजपा के मीडिया विभाग ने एक बयान में कहा कि सचदेवा ने कामना की कि दिल्ली भ्रष्ट सरकार से मुक्त हो और इसकी जगह कोई विकासोन्मुखी सरकार आए। दिल्ली में सत्तारूढ़ आप और भाजपा अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शहर में प्रदूषण और सड़कों की स्थिति सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर तीखे वाकयुद्ध में उलझे हुए हैं।

## उप्र के गांव में गाय को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटे जाने पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, संभल जिले के कैला देवी थाना क्षेत्र स्थित सिंघावली गांव में एक गाय को ट्रैक्टर से बांधकर गौशाला में घसीटे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी (संभल) अनुज कुमार ने बताया कि कैला देवी थाना क्षेत्र के सिंघावली ग्राम पंचायत सचिव ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कराया और आरोप लगाया कि गांव की गौशाला में एक गाय के पैरों को ट्रैक्टर से बांध कर उसे घसीटा गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्राम प्रधान ओमवती, उनके पति रूप किशोर, केयर टेकर कालू और ट्रैक्टर चालक नेम सिंह के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी गोरख नाथ भट्ट ने पीटीआई-भाषा से बताया कि जिला अधिकारी ने जानकारी मिलने पर मामले का तुरंत संज्ञान लिया गया और ग्राम प्रधान सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जांच कराए जाने पर पाया गया कि गाय बीमार थी और भारी थी तथा उसे इलाज के लिए ले जाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि गाय को इलाज के लिए अन्य तरीके से भी ले जाया जा सकता था। उक्त मामले में जांच की जा रही है।

## पश्चिम बंगाल के उलुबेरिया में पटाखों से लगी आग में झुलसने से तीन बच्चों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में शुक्रवार शाम पटाखे फोड़ने के दौरान लगी आग की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना उलुबेरिया में हुई जब इलाके के बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे, तभी चिंगारी पास में रखे कुछ पटाखों पर गिरने से आग लग गई और बगल के घर तथा तीन बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि बच्चों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां तैनात की गईं, जिन्होंने आग पर काबू पाया। पश्चिम बंगाल के अग्निशमन सेवा मंत्री सुजित बोस ने कहा, आग में झुलकर तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह एक दुखद घटना है।

## बसपा की वजह से भाजपा और सपा की नींद उड़ी, ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे : सुप्रीमो मायावती

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनावों में उनकी पार्टी के मैदान में होने से दोनों दलों की नींद उड़ गयी है इसलिए दोनों पार्टियों के नेता ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे हैं। मायावती ने प्रदेश में भाजपा और सपा के बीच गठबंधन का आरोप लगाया। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल में दिये भाषणों में बंटेंगे तो कटेंगे और सपा के जुड़ेंगे तो जीतेंगे जैसे नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि हर मामले में इनकी (भाजपा व सपा) दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए



कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।

मायावती ने पत्रकारों से कहा, जबसे उप्र में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव घोषित हुए हैं तबसे भाजपा और सपा की नींद उड़ी हुई है क्योंकि इस बार सभी सीट पर बसपा भी अकेले यह चुनाव लड़ रही है। मायावती ने कहा, काफी समय से एक-दो उपचुनाव को छोड़कर बसपा अधिकांश उप चुनाव नहीं लड़ी है तबसे खासकर भाजपा और सपा तथा इनका गठबंधन इन उपचुनावों में आपस में मिल बांटकर चुनाव लड़ते रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इस बार जब बसपा भी मैदान में डटी है तो इन दोनों के गठबंधन की परेशानी बढ़ गयी है। बसपा प्रमुख ने दावा किया, जनता का ध्यान बांटने के लिए अब भाजपा बंटेंगे तो कटेंगे और सपा के लोग जुड़ेंगे तो जीतेंगे जैसे नारों को प्रचारित करने में लग गये हैं। इनके हर मामले में दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे। उन्होंने बसपा के शासन में बेहतर कानून व्यवस्था व विकास का दावा करते हुए कहा, हालांकि प्रदेश में विकास व कानून व्यवस्था के मामले में भाजपा और पूर्व की सपा सरकार की तुलना में केवल बसपा का ही शासनकाल काफी बेहतरीन रहा है। मायावती ने जनता को आगाह करते हुए कहा, ऐसे में हवा हवाई नारों व पोस्टरबाजी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। अब भाजपा के लोग अपनी कमियों की वजह से बंटेंगे तो कटेंगे नारा लगाकर वोट मांग रहे वहीं सपा के लोग यह नारा लगाकर यह वोट मांग रहे कि जुड़ेंगे तो जीतेंगे जबकि इनकी (नारों) आड़ में दोनों पार्टियां यहां के लोगों को गुमराह कर रही हैं। उन्होंने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि ये लोग कमियों से ध्यान बांटने के लिए नारेबाजी और पोस्टरबाजी कर रहे हैं। उप्र की कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिजार्पुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) में 13 नवंबर को मतदान और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## संक्षेप

### हैंडपम्प में पानी भरते समय करंट लगने से कारपेंटर की मौत, मचा कोहराम

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कस्बे में शनिवार की सुबह घर में लगे हैंडपम्प में पानी भरते समय समर्सेबिल के तार में उतर रहे करंट की चपेट में आकर कारपेंटर की मौत हो गयी।जिसके बाद परिजनो ने आनन-फानन बिना पुलिस को सूचना दिये मृतक के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कस्बे के संकट मोचन मंदिर गली में बने मकान में कारपेंटर नौमीलाल(50वर्ष)अपने परिवार के साथ रहते थे।ग्रामीणो ने बताया बीते शनिवार की सुबह नौमीलाल अपने घर में लगे हैंडपम्प में पानी भर रहे थे तभी हैंडपम्प में लगे समरसेबिल में लगे तार में उतर रहे करंट की चपेट में आकर मरणासन्न हो गये।जिसके बाद परिजन गम्भीर हालत में कारपेंटर लेकर गये जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया? ।जिसके बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।परिजनो ने बिना पुलिस को सूचना दिये मृतक कारपेंटर के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

### शराब के नशे में धुत दबंगो ने बुजुर्ग पिता व बेटियो को पीटा

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। रतनापुर गांव निवासी बुजुर्ग रामलाल ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते गुरूवार की शाम साढे सात बजे के करीब शराब के नशे में धुत होकर दबंग अर्जुन, सन्तोष, रजनीश, मुन्नू मेरे दरवाजे पर आ धमके ओर गाली-गालौज करने लगे,विरोध करने पर तीनो ने लाठी डंडो से बुजुर्ग व उसकी बेटी मालती व सोमवती की पिटाई कर लहूलुहान कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकलें।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित बुजुर्ग की तहरीर पर आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# प्रगति भारत महोत्सव में उमड़ी भीड़

## अंतिम दो दिन भीड़ के पिछले सभी रिकार्ड टूटने के अनुमान

- फूड जोन झूलों सहित अन्य स्टालों पर लगी भारी भीड़
- प्रिया पाल का छाया जादू

**अमन लेखनी समाचार**







**लखनऊ ।** प्रगति भारत महोत्सव मैं जहां सांस्कृतिक मंच से एक सर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दर्शकों को देखने को मिली वही महोत्सव में धनतेरस, दीपावली, भैया दूज के मौके पर हर जरूरत का सामान महोत्सव में उपलब्ध होने के कारण सभी वर्गों की भारी भीड़ देखने को मिली ।नाबार्ड एवं ओ दी ओ पी के तहत लगे सरकारी स्थान पर जहां हस्त निर्मित वस्तुएं रखी गई थीं, लोगों ने खूब रुचि दिखाई और खरीदारी की। भदोही की कालीन, क्रोकरी, टेराकोटा के समान महोत्सव की शोभा को खूब बढ़ाए। लिटिल एंजेल, सिप्ला ओ आर एस, स्लीपवेल, अनमोल प्रेस्टीज क्रीमिका नेस्ले झंडू मास्को कॉस्मेटिक, रवि के मसाले, बमचम और फॉर्च्यून के स्टालों ने प्रगति भारत महोत्सव 2024 में खूब रंग जमाया ।प्रगति भारत महोत्सव की संस्कृतिक संध्या आज बहुत ही विशेष रही ।सुप्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायिका प्रिया पाल सिंह ने ठंडी में गर्मी का अहसास करा दिया। प्रिया पाल द्वारा एक से बढ़कर एक भोजपुरी गीतों ने हर किसी को झूमने और ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। प्रिया पाल हमेशा से अपने अनूठे अंदाज के लिए भोपपुरी गायन को क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बना चुकी हैं। उन्होंने अपनी गायकी की शुरूआत देवी गीत से किया ।इसी क्रम में उन्होंने अपनी खनकती हुई आवाज में भोजपुरी गीत हमरो बलम भोजपुरिया, परवल बेचे गए भागलपुर, तोहरा बलम कप्तान होतो, सैयां बिन नथुनिया के डारी, सजा दो घर को गुलशन, हम कोई लरिया में जाएं, गोरी तोरे डेरे, गाली देहलों मोहरी, पटने से पाजेब, गौरैया चंद सी को सुना कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी क्रम में प्रिया पाल ने अपनी सुमधुर आवाज में फेक दिहले थरिया बलम गईले झरिया, पियवा जाती बानी पुलिस के बहलिया में और हे पिया हमको घुमाई दे प्रगति भारत महोत्सव भोजपुरी गीत को सुना कर श्रोताओं की असंख्य तालियां बटोरीं अमृतायन साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था,लखनऊ ने प्रगति भारत महोत्सव में कवि सम्मेलन आयोजित किया। नवीन बैसवारी कार्यक्रम अध्यक्ष, डॉ अशोक अज्ञानी संरक्षक और शुभेन्द्र सिंह संचालक रहे। पुष्पेन्द्र प्रेमी, मित्र विपुल, सौम्या तिवारी, शानू वाजपेई, कुलदीप कलश, प्रतिभा गुप्ता, अविरल शुक्ल, मनीष मगन, सूर्यप्रकाश सूरज, डॉ अरविन्द झा, आलम फैजाबादी और विशाल श्रीवास्तव उपस्थिति रहे ।सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एनबी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

# स्मारक घोटाला 2007: कई पूर्व अधिकारियों से पूछताछ की तैयारी

### चहेते ठेकेदारों को काम बांटने की भूमिका संदिग्ध

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) बसपा सरकार में हुए 1400 करोड़ रुपये के स्मारक घोटाले में कई पूर्व अधिकारियों से पूछताछ करने की तैयारी में है। इनमें पूर्व आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को नोटिस देकर चार नवंबर को तलब किया गया है।उन्हें पूर्व भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था पर वह सामने नहीं आए थे।इसके अलावा विजिलेंस पूर्व में दाखिल किए गए आरोप पत्रों के आधार पर कुछ तत्कालीन अभियंताओं को भी पूछताछ करने की तैयारी में है।स्मारक घोटाले में ईडी भी जांच कर रहा है।ईडी ने विजिलेंस से कई बिंदुओं पर जानकारी व स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। सूत्रों का कहना है कि विजिलेंस ने स्टेटस रिपोर्ट शासन को सौंपी है, जिसे ईडी से साझा किया जा सकता है।

### क्या है स्मारक घोटाला?


बसपा सरकार में प्रमुख सचिव, आवास व शहरी नियोजन के पद पर रहते हुए मोहिंदर सिंह ने वर्ष 2007 में स्मारकों के निर्माण के लिए बिना प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के धन आवंटित किया था। कार्यदायी संस्था के चयन में भी खेल हुआ था।

ईडी भी जल्द मोहिंदर सिंह को स्मारक घोटाले को लेकर सवाल-जवाब की तैयारी में है। ईडी ने बीते दिनों तत्कालीन खनन निदेशक रामबोध मौर्य व लखनऊ विकास प्राधिकरण के तत्कालीन उपाध्यक्ष हरभजन सिंह समेत अन्य पूर्व अधिकारियों से पूछताछ की थी।

पूरे मामले में बिना टेंडर प्रक्रिया को पूरा किए चहेते ठेकेदारों व फर्मों को पत्थर सप्लाई किए जाने में पूर्व अधिकारियों की भूमिका की छानबीन की जा रही है।

# अराजकतत्वों ने ईंट पत्थर से मंदिर में तोड़ी मूर्ति, लोगों में आक्रोश

**अमन लेखनी समाचार**



मंदिर परिसर से शिवलिंग व अन्य मूर्ति गायब

लखनऊ। दीपावली देर रात अराजक तत्वों ने प्राचीन शिव मंदिर को निशाना बनाते हुए उसमें स्थापित शिवलिंग व नंदी भगवान की मूर्ति खंडित कर दी। सुबह जब ग्रामीण मंदिर दर्शन करने पहुंचे तो मूर्ति को क्षतिग्रस्त देख ग्रामीणों में आक्रोश छा गया। थोड़ी देर में ही वहां भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को काफी देर तक समझा बुझाकर मामले को शांत करा अराजकतत्वों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शिव मंदिर की स्थापना देश की आजादी के दौरान हुई थी

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ढकवा में स्थित शिव मंदिर की स्थापना 77 वर्ष पूर्व देश की आजादी के दौरान की गई थी। तब से लेकर आज तक यहां लोगों की आस्था जुड़ी है। कई बार मंदिर का जीर्णोद्धार भी हो चुका है। बृहस्पतिवार को छोटी दीपावली की रात लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना भी की थी। इसके बाद लोग घरों को लौट गए। सुबह जब लोग शिवलिंग में जल चढ़ाने पहुंचे तो उन्हें शिवलिंग गायब मिला साथ ही नंदी की मूर्ति भी खंडित की गई थी।

नाराज लोगों ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते नाराजगी जताई। उन्होंने प्रशासन से अराजकता फैलाने वालों को चिह्नित करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंचे एसीपी डॉ. अमोल मुर्कुट सहित पुलिस बल ने मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर के अंदर एक ईंट भी पड़ी हुई थी संभवतः इसी से मूर्ति को खंडित किया गया है। सीसीटीवी फुटेज में भी आरोपी जाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। पुलिस इसी आधार पर आरोपियों की पहचान कराने में जुटी हुई है।

### यूपी में अक्टूबर का न्यूनतम तापमान 124 साल में सबसे अधिक, नवंबर में भी जारी रहेगा ऐसा ही क्रम

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रदेश में अक्टूबर में मौसम के हालात काफी असामान्य रहे हैं। तटस्थ निनो परिस्थितियों और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों की अनुपस्थिति के चलते औसत मासिक अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किए गए हैं। परिणामस्वरूप, उत्तर-पश्चिमी भारत सहित संपूर्ण देश में अक्टूबर महीने का रात का औसत न्यूनतम तापमान 1901 से लेकर अब तक के 124 वर्षों में सबसे अधिक रहा। लखनऊ में औसत मासिक न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। लखनऊ में अक्टूबर की रातें सामान्य से तीन डिग्री अधिक गर्म रहीं। वहीं, दिन का औसत अधिकतम तापमान भी सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक, 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

# दो पक्षों में मारपीट, फायरिंग, कई घायल, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**



घायल अवस्था में युवक – फोटो



खून से लथपथ युवक – फोटो

लखनऊ। जुएं में कहासुनी को लेकर हुए विवाद में बाद दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे व फायरिंग हुई। जिसमें एक पक्ष से करीब तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं. जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ नामजद व आठ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अमानीगंज में बीते बृहस्पतिवार को दीपावली पर हो रहे जुएं में कहा सुनी के बाद जमकर लाठी डंडे व फायरिंग हुई। वहीं अमानीगंज निवासी उषा ने बताया कि बृहस्पतिवार को मोहित को बाजार जाते वक्त रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे महेश, राममिलन बउवा, संदीप उर्फ लल्लू, श्रीपाल, टुन्नी, सुरेश,सलीम उर्फ शेखू समेत 6 अज्ञात लोगों ने जान से मारने की नियत से लाठी डंडे धारदार हथियार बांके व अवैध असलहे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया वहीं सूचना पर पहुंचे , भतीजे राहुल, अभिषेक को गंभीर चोटे आई। उषा ने फायरिंग सहित लूट का आरोप लगाया है वहीं दूसरे पक्ष के महेश ने बताया कि राहुल , मोहित दो अज्ञात लोगों ने मुझे और भाई राममिलन को पीटने लगे तथा असलहे से फायर कर दिया ।दोनों पक्षों में जमकर मारपीट में मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देख ट्रामा रेफर कर दिया गया है, पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज.कर लिया है।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि मोहित व महेश से जुएं खेलने के दौरान किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसके घंटो बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर करीब डेढ़ दर्जन लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर. घटना में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# लखनऊ से दिल्ली के लिए आज से चलेंगी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

### छठ में घर आने की कर लें तैयारी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रेलवे त्योहारों के मद्देनजर विशेष ट्रेनें संचालित कर रहा है। ये विशेष ट्रेनें लखनऊ और दिल्ली सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर संचालित होंगी। इन ट्रेनों में सीमित सीटें होंगी और यात्रियों को आरक्षण कराना होगा।लखनऊ-दिल्ली 04205 ट्रेन दो नवंबर 2024 को लखनऊ से दिल्ली के बीच चलेगी।इसका प्रस्थान लखनऊ से रात 8:50 बजे होगा और यह अगले दिन सुबह 8:30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसके प्रमुख स्टेशनों में शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, और साहिबाबाद शामिल हैं। दिल्ली-हाजीपुर-लखनऊ 04236/04235 नवंबर को दिल्ली से हाजीपुर के लिए चलेगी और चार नवंबर को हाजीपुर से लखनऊ लौटेगी। इस ट्रेन में भी एसी प्रथम श्रेणी, एसी चेयर कार, स्लीपर, और सामान्य श्रेणी के कोच होंगे। लखनऊ-दिल्ली 04207 तीन नवंबर 2024 को लखनऊ से दिल्ली के बीच चलेगी, जो रात 8:50 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसमें 18 कोच होंगे और यह शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, और साहिबाबाद जैसे स्टेशनों पर रुकेगी।

दिल्ली-बारौनी-लखनऊ 04238/04237 दिल्ली से चार नवंबर को प्रस्थान करेगी और अगले दिन बारौनी पहुंचेगी। इसी प्रकार पांच नवंबर को बारौनी से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी। वाराणसी-दिल्ली 04209 तीन नवंबर को वाराणसी से दिल्ली के लिए चलेगी, जो शाम 6:00 बजे वाराणसी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10:40 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

# घंटों लाइन में लगने से मिला छुटकारा, अब भर्ती मरीजों को सीधे बेड पर मिलेंगी दवाएं

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती होने वाले मरीजों को बड़ी राहत दी गई है। अब संस्थान के सभी विभागों में भर्ती होने वाले गंभीर रोगियों के तीमारदारों को दवा के लिए फामेर्सी काउंटर के सामने घंटों लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। दवाएं और सर्जिकल उपकरण सीधे बेड पर मुहैया कराया जाएगा। निदेशक प्रो. सीएम सीएम सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है, एक नवंबर से लागू हो गया है। इसके साथ ही लोहिया डोजियर सिस्टम लागू करने वाला प्रदेश का दूसरा सरकारी संस्थान बन गया है। वर्तमान में राज्य में सिर्फ एसजीपीजीआइ में ही बेडसाइड डिलीवरी की सुविधा है। लोहिया संस्थान के विभिन्न विभागों में 1253 बेड पर मरीजों की भर्ती होती है।इसके अलावा शहीद पथ के मातृ एवं शिशु अस्पताल में साढ़े तीन सौ बेड पर रोगियों को भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जाता है। रोजाना 3000-3500 मरीजों की ओपीडी होती है।

### 1500 से अधिक गंभीर मरीजों को बड़ी राहत

संस्थान प्रशासन के बेडसाइड डिलीवरी व्यवस्था लागू करने के निर्णय से 1500 से अधिक गंभीर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत सुपर स्पेशलियटी विभाग, मातृ एवं शिशु अस्पताल के सभी विभाग, इमरजेंसी और सभी आइसीयू में भर्ती होने वाले रोगियों को अब सीधे बेड पर दवाएं मिलेंगी। इसका सबसे अधिक फायदा सर्जरी कराने वाले रोगियों को मिलेगा।

कई बार मरीज के आपरेशन थिएटर में जाने के बाद तीमारदार को दवाओं या सर्जिकल उपकरण लाने के लिए पर्चा थमा दिया जाता है, जिसमें घंटों लग जाते हैं और सर्जरी प्रभावित होती है। अभी तक तीमारदारों को फामेर्सी से दवा या सर्जिकल उपकरण लाने में चार-पांच घंटे तक लाइन में इंतजार करना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत मरीज के भर्ती होने के बाद डाक्टर की सलाह पर आनलाइन दवाएं आर्डर की जाएंगी।

नर्सिंग स्टाफ द्वारा मरीज और दवाओं की जानकारी फोन के जरिए फार्मासिस्ट को देगा। जैसे ही बिल बनेगा मरीज के मोबाइल पर मैसेज आएगा। कुछ देर में ही दवाओं का पैकेट संबंधित विभाग में भर्ती मरीज के बेड पर पहुंच जाएगा। इसके अलावा मरीज के अस्पताल से छुट्टी के बाद बची दवाएं नर्सिंग स्टाफ द्वारा वापस होंगी।

# ड्राइवर की मौत पर कानपुर रोड जाम कर किया था प्रदर्शन, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

बंथरा। बंथरा थाना क्षेत्र के दयालखेड़ा में ऑटो ड्राइवर का शव रख कर कानपुर रोड जाम किए जाने पर मुकदमा दर्ज हुआ है।पिटाई से मौत का आरोप लगाते हुए परिवार वालों ने मुआवजे और नौकरी की मांग करते हुए सड़क जाम की थी।

बेंती गांव दयाल खेड़ा निवासी ऑटो ड्राइवर दीपक लोधी (33) का 20 अक्तूबर की रात अजय और विजय से झगड़ा हुआ था। मारपीट में दीपक को गम्भीर चोट लगने पर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जहां बुधवार को दीपक की मौत हुई थी।परिवार का आरोप था कि दबंगों ने हत्या की है। उनकी गिरफ्तारी किए जाने के साथ ही परिवार को आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था।इंस्पेक्टर बंथरा ने बताया कि दरोगा घीसू राम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान

इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रदर्शन की वजह से सड़क जाम हो गई। राहगीरों को काफी दिक्कत हुई। वहीं, एंबुलेंस भी फंस गई थी। पुलिस ने कई बार दीपक के परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया था। पर प्रदर्शन खत्म नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सड़क जाम किए जाने पर वीडियोग्राफी भी कराई है। जिसकी मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### शराब के नशे में धुत दबंग ने युवक को दौड़ा दौड़ा पीटा

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव निवासी पिंकू पांडे ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते शुक्रवार की देर शाम जब वो घर जा रहा था तभी रास्ते में शराब के नशे में धुत राजा कसगर उससे गाली-गालौज करने लगे जब उसने विरोध जताया तो लोहे की उसे दौड़ा दौड़ा कर लोहे की राड से पिटाई कर सिर फोड़ कर लहूलूहान कर दिया।एसएसआई यशवन्त सिंह ने बताया पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपी पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# स्मारक घोटाला 2007: कई पूर्व अधिकारियों से पूछताछ की तैयारी, चहेते ठेकेदारों को काम बांटने की भूमिका संदिग्ध

**अमन लेखनी समाचार**


लखनऊ। सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) बसपा सरकार में हुए 1400 करोड़ रुपये के स्मारक घोटाले में कई पूर्व अधिकारियों से पूछताछ करने की तैयारी में है। इनमें पूर्व आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को नोटिस देकर चार नवंबर को तलब किया गया है।उन्हें पूर्व भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था पर वह सामने नहीं आए थे।इसके अलावा विजिलेंस पूर्व में दाखिल किए गए आरोप पत्रों के आधार पर कुछ तत्कालीन अभियंताओं को भी पूछताछ करने की तैयारी में है।स्मारक घोटाले में ईडी भी जांच कर रहा है।ईडी ने विजिलेंस से कई बिंदुओं पर जानकारी व स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। सूत्रों का कहना है कि विजिलेंस ने स्टेटस रिपोर्ट शासन को सौंपी है, जिसे ईडी से साझा किया जा सकता है।

### क्या है स्मारक घोटाला?

बसपा सरकार में प्रमुख सचिव, आवास व शहरी नियोजन के पद पर रहते हुए मोहिंदर सिंह ने वर्ष 2007 में स्मारकों के निर्माण के लिए बिना प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के धन आवंटित किया था। कार्यदायी संस्था के चयन में भी खेल हुआ था।

ईडी भी जल्द मोहिंदर सिंह को स्मारक घोटाले को लेकर सवाल-जवाब की तैयारी में है। ईडी ने बीते दिनों तत्कालीन खनन निदेशक रामबोध मौर्य व लखनऊ विकास प्राधिकरण के तत्कालीन उपाध्यक्ष हरभजन सिंह समेत अन्य पूर्व अधिकारियों से पूछताछ की थी।

पूरे मामले में बिना टेंडर प्रक्रिया को पूरा किए चहेते ठेकेदारों व फर्मों को पत्थर सप्लाई किए जाने में पूर्व अधिकारियों की भूमिका की छानबीन की जा रही है।



पूर्व आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह की कई बेनामी संपत्तियां भी सामने आ चुकी हैं। जांच एजेंसियों को संदेह है कि स्मारक घोटाले में हुई काली कमाई का निवेश इन संपत्तियों में किया गया था। मोहिंदर सिंह की चंडीगढ़ व दिल्ली स्थित कुछ अन्य बेनामी संपत्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

### ईडी जल्द नीलाम कराएगा शाइन सिटी की संपत्तियां

शाइन सिटी परियोजना के मुख्य संचालक धोखेबाज राशिद नसीम के विरुद्ध भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम-2018 (फ्यूजिटिव इकोनामिक अफेंडर्स एक्ट-2018) के तहत मुकदमा दर्ज कराने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल्द शाइन सिटी की संपत्तियों की नीलामी कराने की तैयारी कर रहा है। लखनऊ स्थित न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण सीबीआइ/ईडी में यह परिवाद दर्ज हुआ था, जिसका अदालत संज्ञान ले चुकी है।

# दो विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। इंडिगो के दो विमानों में बम से उड़ाने की सूचना ने सैकड़ों यात्रियों के माथे पर एक बार फिर चिंता की लकीरें खींच दीं। लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की तो सूचना अफवाह मिलने पर विमानों को उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई। पिछले तीन सप्ताह के भीतर 10 विमानों में बम की सूचना मिल चुकी है। एयरपोर्ट प्रशासन इस बारे में जानकारी होने से इन्कार कर रहा है।

### उड़ान भरने के कुछदेर बाद बम होने की सूचना

इंडिगो के विमान 6ई196 ने बेंगलुरु से दोपहर एक बजे उड़ान भरी थी। सूत्र बताते हैं कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान में बम होने की सूचना मिली। एटीसी ने इसके बारे में विमान के पायलट को सूचित किया। लगातार मिल रही सूचनाओं और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस बारे में यात्रियों को नहीं बताया गया।

विमान दोपहर 3:36 बजे लखनऊ में लैंड हुआ। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हुईं तो यात्रियों को बम होने की भनक मिली। इसके बाद यात्रियों को एयरपोर्ट ले जाया गया और विमान को आइसोलेशनवे पर ले जाकर सीआइएसएफ, बम निरोधक दस्ते और अन्य एजेंसियों ने सामान आदि की जांच की। हालांकि, सब सामान्य मिला।

### पायलट ने लखनऊ में लैंडिग की मांगी अनुमति

इसी तरह दिल्ली से झारसुगड़ा के लिए उड़ान भरने के बाद इंडिगो के विमान 6ई458 में बम की सूचना दी गई। सुरक्षा के दृष्टिगत विमान के पायलट ने लखनऊ में लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। यात्रियों को एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर ले जाया गया और विमान को आइसोलेशनवे पर ले गए। लखनऊ में उतरने के बाद यात्रियों को बम होने की जानकारी मिली तो कई घबरा गए। यात्रियों ने इसकी सूचना परिवारजन को दी। उधर, विमान की जांच में सब सामान्य मिला। करीब 45 मिनट के बाद विमान को झारसुगड़ा के लिए उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई।

## संक्षेप

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मिजार्पुर सुम्हारी निवासी कमलेश शर्मा के 20 वर्षीय बेटे जालिम की बीती शाम छत की धन्नी में रुपट्टे के फंदे से फांसी लगाने से मौत हो गयी।घटना के समय पिता गांव में ही मजदूरी करने गया था।शाम को ही जालिम लखनऊ स्थित होटल में मजदूरी कर वापस घर लौटा था।मूलतः थाना मौरावां के गांव सगौली निवासी जालिम वर्तमान में अपने पिता के साथ रिश्तेदारी में ही रहकर मेहनत मजदूरी करता था। घटना की सूचना बाद मौके पर पहुंचे कोतवाल राकेश कुमार गुप्ता ने शव को उतरवाकर पंचायतनामा बाद विच्छेदन गृह भेजा है।

### अवैध तमंचा लेकर युवक मोहल्ले में फैला रहा था दहशत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र में बीती रात एक युवक ने मोहल्ले में आतंक का माहौल बना दिया। युवक नशे की हालत में अवैध तमंचा लेकर लोगों पर दबाव डाल रहा था। इस खतरनाक स्थिति को देखकर मोहल्ले के लोगों ने एकजुट होकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।घटना की सूचना मिलते ही गंगा घाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और भीड़ के बीच से युवक हरिओम तिवारी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ में उसने अपने पिता का नाम लक्ष्मी प्रसाद तिवारी और पता शुक्लागंज के ही अवधपुरी स्थित डाकतार कॉलोनी बताया।पुलिस ने युवक के पास से बरामद किए गए अवैध तमंचे और कारतूस के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ में पुलिस ने कई महत्वपूर्ण सबूत भी जुटाए हैं, जिससे पता चलेगा कि युवक ने यह तमंचा कहां से प्राप्त किया और किस इरादे से मोहल्ले में दहशत फैलाने की कोशिश की थी।इस घटना ने स्थानीय लोगों में खौफ का माहौल बना दिया है, लेकिन पुलिस की तत्परता से एक बड़ा अपराध टल गया है।

### बुखार से पीड़ित महिला की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के हिलौली में बुखार से पीड़ित एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने लापरवाही बरती, जिसके चलते महिला की हालत बिगड़ गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और डॉक्टर से इलाज की पूरी जानकारी मांगी गई है।जानकारी के अनुसार, साहित्य पुत्र सुंदरलाल शुक्ला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नी केतकी को बुखार होने पर परिजनों ने उसे हिलौली स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।यहां डॉक्टर ने फोन पर संपर्क करते हुए दूसरे हॉस्पिटल में होने की बात कही और स्टाफ को इलाज करने के निर्देश दिए। अस्पताल से दे दी छुट्टीअस्पताल के स्टाफ ने कुछ ही घंटों में केतकी को 15 इंजेक्शन और चार ग्लूकोज चढ़ा दिए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

## निजी अस्पताल में बच्चे की इलाज के दौरान मौत, परिजनो ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के उदसाह गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने 3 साल के बेटे को गंभीर हालत में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चार दिनों से वेंटिलेटर पर रहे बच्चे की तबीयत न सुधरने पर परिजनों ने उसे दूसरे अस्पताल में ले जाने का निर्णय लिया, तो अस्पताल प्रशासन ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने फर्जी इलाज करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल ने बच्चे के मृत होने के बाद भी पैसे वसूलने के लिए फर्जी इलाज जारी रखा। घटना की सूचना पर सीओ और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। प्रशासन की कार्यवाही के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। परिजनों की तहरीर के अनुसार, उदसाह के अनूप कुमार का तीन वर्षीय बेटा, तबीयत बिगड़ने पर सफीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां सुधार न होने पर रमेश और उमेश नामक लोगों ने उन्नाव मेडिकल सेंटर में इलाज की सलाह दी। 27 अक्टूबर को उन्नाव में बच्चे का इलाज शुरू हुआ। दो दिन बाद हालत में कुछ सुधार दिखने पर भी डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया और लगातार पैसे लेते रहे।परिजनों का आरोप है कि गुरुवार को बच्चे की मौत हो चुकी थी, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज जारी रखा और कहा कि दिल में समस्या है, जिसके ठीक होने में समय लगेगा। शुक्रवार शाम परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर फर्जी इलाज और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की सूचना पर सीओ नगर सोनम सिंह और कोतवाली इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।परिजनों की ओर से तहरीर दी गई है, जिसमें अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही और पैसे वसूलने का आरोप लगाया गया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पूजा की तैयारी कर रही किशोरी पर फेंका पटाखा बम, किशोरी झुलसी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर में घर के बाहर गोवर्धन पूजा की तैयारी कर रही किशोरी पर तीन युवकों ने जानबूझकर बम फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना शुक्रवार देर शाम की है, जब विजय कुमार की बेटी अरवी घर के बाहर पूजा की तैयारियों में लगी थी। इसी बीच मोहल्ले के ही विकास और उसके दो साथी वहां पहुंचे और बम फेंक कर फरार हो गए। धमाके की तेज आवाज से पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई, और लोग मौके पर जुट गए।परिजनों ने घायल अरवी को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। विजय कुमार का कहना है कि यह हमला पुरानी रंजिश का नतीजा है और आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अंग्रेजी शराब ठेके में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के नौबतगंज में स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान में आग लग गई। आग लगने का कारण सेल्समैन की लापरवाही बताई जा रही है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।आग लगने की घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासियों ने तुरंत पंप चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि शराब की दुकान में रखी बड़ी मात्रा में शराब और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैलने लगी। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर से ही देखा जा सकता था। जिससे क्षेत्र में भय का माहौल उत्पन्न हो गया।ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। लेकिन तब तक आग का प्रकोप काफी बढ़ चुका था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन आग की तीव्रता के आगे उनकी कोशिशें अधिक सफल नहीं हो सकीं। आग के कारण कई दुकानों को भारी नुकसान हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि आग की लपटें काफी तेज थीं। घटना की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और आग बुझाने के प्रयासों में मदद की। कहा कि आग लगने की जांच की जाएगी। यदि किसी की लापरवाही साबित होती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खेत की फसल देखकर घर वापस जा रहे युवक की ट्रेन की टक्कर से मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में हुसैन नगर मोहल्ले में एक किसान की शुक्रवार रात रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से टकराने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक किसान अपने खेतों की फसल देखने के बाद घर लौट रहा था, तभी हादसा का शिकार हो गया।जानकारी के मुताबिक, हुसैन नगर निवासी श्यामलाल का 25 वर्षीय बेटा केशव शुक्रवार रात करीब 11 बजे अपने खेतों में खड़ी फसल की रखवाली करके लौट रहा था। रेलवे ट्रैक पार करते समय वह रायबरेली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया। जब केशव काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्हें रास्ते में उसका शव पड़ा मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।मृतक के पिता श्यामलाल ने बताया कि केशव उनके चार बेटों में तीसरे नंबर का था। उसकी तीन साल पहले शादी हुई थी, और एक संतान होने के बाद उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। अब इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया है।घटना की जानकारी मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है, ताकि इस दर्दनाक घटना की वजह और परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।

## उन्नाव में यातायात माह की हुई शुरूआत, डीएम-एसपी ने किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर चौकी स्थित यातायात कार्यालय में आज डीएम गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर ने सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलित कर यातायात माह का शुभारंभ किया। इस दौरान सड़क हादसे रोकने के लिये वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गयी। एसपी ने कहा कि यातायात माह का उद्देश्य लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता लाना है। जिससे सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। कहा कि सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग कर हादसे कम किये जा सकते हैं। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी नुक्कड़ नाटक कर ट्रॉफिक नियम का पालन करने के संदेश दिया। कार्यक्रम के सम्पन्न में डीएम और एसपी ने स्कूली बच्चों को गिफ्ट देकर उनका मान बढ़ाया। लोगों में जागरूकता फैलाने के लिये पूरे नवंबर माह में जगह-जगह पर कार्यक्रम होंगे। बता दे कि बता दें कि एक से 30 नवंबर तक चलने वाले इस यातायात माह के तहत अभियान में वाहन चालकों को जागरूक किया जाएगा। बाइक पर तीन सवारी बैठने वालों व बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा वाहनों की रफ्तार, ओवरलोडिंग, सीटबेल्ट व शराब पीकर वाहन न चलाने के लिये लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद्र कुमार, राजीव राज सिटी मजिस्ट्रेट, प्रमोद मिश्रा थाना कोतवाली प्रभारी, भवन सिंह यातायात प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## खेतो में दीप जलाकर घर वापस जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव में दीपावली की रात उस समय मातम में बदल गई जब अपने खेतों में दीप जलाकर लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई।घटना गुरुवार की देर शाम की है, जब हड़हा निवासी 30 वर्षीय सुरेंद्र अपनी नई बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक, जिस पर तीन युवक सवार थे, ने सुरेंद्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में सुरेंद्र बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में लोहचा सीएससी ले गए, लेकिन वहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद त्योहार की खुशियां गम में बदल गईं, और परिवार के लोग रो-रो कर बेहाल हो गए।मृतक के पिता सूर्य बली ने बताया कि सुरेंद्र उनका सबसे छोटा बेटा था और हाल ही में धनतेरस पर उसने नई बाइक खरीदी थी। वह एक निजी कंपनी में मजदूरी करता था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सीएम द्वारा संचालित पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना की बढ़ी तारीख

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मुख्यमंत्री द्वारा संचालित पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत ग्राम पंचायतों के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख अब 7 नवंबर कर दी गई है। इस निर्णय से पंचायतों को अधिक समय मिलेगा, जिससे आवेदन करने की संख्या में भी बढ़ोतरी की संभावना है।पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लागू, की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों को पंचायत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया 1 सितंबर से शुरू हुई थी, और पहले इसकी अंतिम तिथि 10 अक्तूबर थी, जिसे बाद में 25 अक्तूबर कर दिया गया था। अब तक केवल 216 पंचायतों ने आवेदन किया है, जो कि कुल 1037 ग्राम पंचायतों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है।

इसी कारण सरकार ने समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है।इस योजना के तहत पांच ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में नौ बिंदुओं के आधार पर पंचायतों को अंक दिए जाएंगे। अंक के योग के आधार पर पंचायतों की मेरिट तैयार की जाएगी। सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायत को पुरस्कार स्वरूप अतिरिक्त धनराशि प्रदान की जाएगी। जिला पंचायतराज अधिकारी शाश्वत आनंद सिंह ने कहा कि आवेदन की समयावधि बढ़ाने से पंचायतों को लाभ होगा। निर्धारित समय सीमा में जो ग्राम पंचायतें आवेदन करेंगी, उनका सत्यापन जिलास्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। इसके बाद चयनित पंचायतों की सूची मुख्यालय भेजी जाएगी, जहां से अंतिम चयन किया जाएगा।गौरतलब है कि पिछले वित्तीय वर्ष में मिजार्पुर के ग्राम पंचायत अजिगांव ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिसके फलस्वरूप उसे 35 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि मिली थी। इसके अतिरिक्त, मियागंज पंचायत को 30 लाख, असोहा की सेमरी को 25 लाख, बिछिया की दुआ को 15 लाख और कांथा को 10 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार ग्राम पंचायतों की उत्कृष्टता और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है।

## सतरंगियों में डूबा जनपद आतिशबाजी से गूंज उठा आसमान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपावली का पर्व इस बार पूरे जोश और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया, जहाँ सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी।

चंपापुरवा, पोनीरोड, कंचन नगर, ऋषि नगर और सुभाष नगर जैसे इलाकों में गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। पूजा के लिए खील, चूरा, गट्टा और लड्या जैसी चीजों की भी जमकर बिक्री हुई।शाम को शुभ मुहूर्त में लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों में विधिपूर्वक गणेश-लक्ष्मी का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद हुई जमकर आतिशबाजी ने पूरे उन्नाव के आसमान को रंगों से भर दिया। देर रात तक पटाखों की गूंज सुनाई देती रही।

बच्चों ने जमकर पटाखे जलाए और खुशियाँ मनाई।इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को फोन और घर जाकर शुभकामनाएँ भी दीं। वहीं, अलाय बलैय की भी बिक्री जोर पर रही, जिनकी मान्यता है कि इन्हें जलाकर घर से बाहर ले जाने पर सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।मिठाइयों पर महंगाई का रंगः दीपावली के मौके पर मिठाइयों की खरीदारी जोरों पर रही, लेकिन महंगाई ने लोगों को कुछ परेशान भी किया। कृष्णा स्वीट हाउस में देशी घी की मिठाइयों की कीमतें साढ़े सात सौ रुपये प्रति किलो तक पहुँच गई, जबकि अन्य मिठाइयाँ तीन सौ से साढ़े तीन सौ रुपये प्रति किलो तक बिकीं।

## लीकेज गैस सिलेंडर से घर में लगी आग, टला बड़ा हादसा


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के दृगपाल खेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह एलपीजी गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण एक घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे घर को चपेट में ले लिया। समय पर सूचना देने के बावजूद दमकल की गाड़ियां करीब डेढ़ घंटे देरी से पहुंचीं। तब तक आग बुझ चुकी थी। हालांकि आग से कोई हताहत नहीं हुआ, पर घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।घटना दृगपाल खेड़ा के मजरा हसनपुर पश्चिम भाव के निवासी केदार के घर की है, जहां सुबह खाना बनाते वक्त गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया, ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। गांव के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पानी की बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। तब ट्यूबवेल पंप की मदद से घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।सूचना पर औरास थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद ने घटना का संज्ञान लेते हुए राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही, राजस्व विभाग की टीम को नुकसान के आकलन की रिपोर्ट तैयार करने को कहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, हजारों की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के रावतपुर में शुक्रवार रात एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई और परिवार को भारी नुकसान हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तेजी से कार्रवाई की और बाल्टियों से पानी भरकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने काफी तबाही मचा दी थी।जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब दस बजे के आस-पास हुई। अचानक से धर्मेंद्र कुशवाहा के घर में आग लगने की लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया और बाल्टियों में पानी भरकर आग पर काबू पाने में जुट गए। स्थानीय निवासियों की मदद से आग को काफी हद तक नियंत्रित किया गया, लेकिन तब तक घर की अधिकांश सामग्री जल चुकी थी।धर्मेंद्र कुशवाहा ने बताया कि रात के समय अचानक से धुएं की महक आई, जिसके बाद उन्होंने देखा कि घर के एक हिस्से में आग लगी हुई है। उन्होंने तत्काल मदद के लिए शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का साहस और सहयोग इस घटना में महत्वपूर्ण साबित हुआ, लेकिन आग की तीव्रता के कारण बहुत सी चीजें बचाई नहीं जा सकीं।आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया और पीड़ित परिवार से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे नुकसान के लिए उचित मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करेंगे। धर्मेंद्र कुशवाहा ने अधिकारियों से सहायता की गुहार लगाई, क्योंकि उनके पास अब केवल जलकर राख हुई सामग्री ही बची है।आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, ताकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सके।

## पर्व को देखते पुलिस की बड़ी चौकसी ली गई वाहनों की तलाशी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपावली के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए गंगाघाट पुलिस ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर गंगाघाट थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर अनुराग सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर सघन तलाशी अभियान शुरू किया।पुलिस ने नवीन पुल, जाजमऊ पुलिस चौकी, सहजनी, मरहला चौराहा, बैराज चौकी और पोनी रोड तिराहा पर दिनभर निगरानी बनाए रखी, जिससे शहर में सुरक्षा का माहौल मजबूत हो सके।

अभियान के तहत विशेष रूप से नवीन पुल चौराहे पर चौकसी बढ़ा दी गई थी। पुलिस ने आने-जाने वाले सभी चौपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। वहीं गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने मिलकर संदिग्ध यात्रियों के बैगों की तलाशी ली। इस दौरान कुछ वाहन चालकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें रोककर जांच की। हालांकि, तलाशी के दौरान किसी भी वाहन से कोई अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई।फोरलेन और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस तैनात रही ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस के इस अभियान से स्थानीय निवासियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा, हालांकि कुछ लोग पुलिस की अतिरिक्त सतर्कता को लेकर चिंतित भी दिखे।इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने बताया कि त्योहारों पर सुरक्षा की दृष्टि से ऐसे सघन तलाशी अभियान जरूरी हैं। उन्होंने कहा, ₹हमारी प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है, और ऐसे प्रयासों से हम इसको सुनिश्चित कर सकते हैं।₹ स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस के इन प्रयासों की सराहना की, हालांकि कुछ का मानना था कि अतिरिक्त तलाशी से थोड़ी असुविधा हो रही है।

## राजस्थान के युवक की ट्रक के केबिन में मिला शव

- 2 दिन से भाड़ा मिलने का इंतजार कर रहा था, 15 दिन पहले घर से निकला था

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में राजस्थान के रहने वाले हेल्पर की ट्रक के केबिन में मौत हो गई। हेल्पर राजस्थान का रहने वाला था। वह 15 दिन पहले घर से निकला था। यहां पिछले दो दिन से एक ढाबे पर रूककर भाड़े का इंतजार कर रहा था। सुबह गार्ड ने जब केबिन का दरवाजा खटखटाया तो अंदर कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद स्थानीय लोगों को बुलाकर केबिन खुलवाया तो हेल्पर मृत अवस्था में मिला। केबिन के अंदर एक डायरी मिली है। उस पर लिखे नंबर से परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना थाना अल्हागंज क्षेत्र की है। राजस्थान के सीकर जिले के थाना थोई क्षेत्र के कल्याणपुरा के रहने वाले 50 साल के जयचंद ट्रक पर हेल्पर थे। वह करीब 15 दिन पहले ट्रक लेकर घर से निकले थे। जय चंद वापस घर जाने वाले थे। तभी वह थाना अल्हागंज क्षेत्र के फतेहपुर में एक ढाबे पर रूके थे। पिछले दो दिन से जयचंद वापस लौटने के लिए ट्रक में भाड़े का इंतजार कर रहे थे। जिससे भाड़ा मिलने के बाद वह ट्रक लेकर राजस्थान चला जाए। शुक्रवार की रात जयचंद ट्रक के केबिन में लेटे थे। सुबह जब देर तक जयचंद ट्रक से बाहर नहीं आए तो वहां पर गार्ड ने केबिन का दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई आहट नही होने पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक का केबिन खोला तो जयचंद का शव मिला। उसके बाद पुलिस ने ट्रक के केबिन में तलाशी ली तो एक डायरी मिली। उसके ऊपर लिखे नंबरों पर पुलिस ने फोन करके परिजनों को जानकारी दी। राजस्थान में रहने वाले परिजन शाहजहांपुर के पोस्टमॉर्टम हाउस पर पहुंच गए हैं। उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। उन्होंने कहा कि जयंचद वापस घर आने वाले थे। वो लोडिंग का इंतजार कर रहे थे। अल्हागंज थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक ट्रक का हेल्पर था।

## सम्पादकीय

# प्रदूषित आबोहवा से मुक्ति के स्थाई उपाय किए जाएं

दो दिन बाद दीपावली है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व एनसीआर की आबोहवा जहरीली बनी हुई है। दिल्ली सरकार प्रदूषण को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर रही है, वायु प्रदूषण कम करने के उपाय कर रही है, एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) सरकारों और प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों पर सख्त है, सुप्रीम कोर्ट भी लगातार चेतावनी दे रहा है, फिर भी दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में हवा दमघोंटू बनी हुई है। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ा हुआ है कि लोगों के लिए स्वच्छ ऑक्सीजन मिलना कठिन हो गया है, श्वास जनित मरीजों की तादाद बढ़ रही है। वायु प्रदूषण स्तर अधिक होने के लिए दिल्ली-एनसीआर की तुलना गैस चैंबर से होने लगी है। कमाल की बात है कि दिवाली से करीब एक माह पहले तंत्र के सभी अंग जगते हैं और बढ़ते प्रदूषण को लेकर चेताने लगते हैं। यह ट्रेंड वर्षों से हैं, वर्ष के बाकी समय इतिश्री मोड में रहते हैं। यदि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक कार्ययोजना के तहत वर्ष भर प्रयास किए जाएंगे तो दिवाली के समय ऐसी खतरनाक स्थिति नहीं बनेगी। प्रतिबंध के बावजूद पटाखे बिकते हैं। सरकार अगर काम पर फोकस करे, तो राज्यों का अधिक भला होगा। दुखद स्थिति है कि प्रशासनिक पदों पर आसीन लोग भी जनकल्याण छोड़कर राजनीति के अंग बन जाते हैं। ऐसे में प्रदूषण कैसे कम होगा। जब तक शासन व प्रशासन हरित विकास मॉडल को आगे नहीं बढ़ाएंगे, प्रदूषण के स्रोतों पर लगाम नहीं लगाएंगे, जलवायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कड़े मानदंडों का पालन नहीं करवाएंगे, तब तक शहरों की आबोहवा जीने लायक कैसी बनेगी? संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए देशों की मौजूदा राष्ट्रीय कार्य योजनाएं 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में 2019 के स्तर के मुकाबले महज 2.6 फीसदी की कमी ला पाएंगी। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की संस्था, जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल ने कहा कि वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वैश्विक उत्सर्जन में 2030 तक 43 फीसदी और 2035 तक 60 फीसदी कमी लाना जरूरी होगा। ताजा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के हिसाब से 2030 में कुल वैश्विक ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन (भूमि उपयोग, भूमि उपयोग परिवर्तन एवं वानिकी और एलयूएलयूसीएफ को छोड़कर) लगभग 51.5 (48.3-54.7) गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर होगा। यह स्तर 1990 के मुकाबले 49.8 फीसदी और 2010 के मुकाबले 8.3 फीसदी अधिक, जबकि 2019 की तुलना में 2.6 प्रतिशत और 2025 के अनुमानित स्तर की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम होगा, जिससे संकेत मिलता है कि वैश्विक उत्सर्जन 2030 से पहले ही चरम पर पहुंच सकता है। यूएन की इस रिपोर्ट से साफ है कि तापमान कम करने की दिशा में भारत समेत विश्व के अधिकांश देशों का रवैया बहुत ढीला है। हाल के वर्षों में अत्यधिक सर्दी व गर्मी पड़ रही है, जो जलवायु परिवर्तन के चलते हो रही है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीनहाउस गैस का स्तर 2023 में एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया जिसमें पिछले केवल दो दशकों में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। भारत सरकार को अलर्टमोड में आकर पर्यावरण की सेहत बिगाड़ने वाले कारकों को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वरना केवल दिवाली के मौके पर ही नहीं, वरन सालभर देश की आबोहवा जहरीली बनी रहेगी। प्रदूषित आबोहवा से मुक्ति के त्वरित व स्थाई उपाय किए जाने की आवश्यकता है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# पश्चिम एशिया ने बढ़ाई आर्थिक चिंताएं

**वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट का माह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी हैं। शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है।**

हाल ही में 26 अक्टूबर को इजरायल के द्वारा ईरान के हमले के जवाब में ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने से भारत की आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा इजराइल और ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं।

स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट का माह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी हैं। चूंकि कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढ़ने के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूँकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे । इसका असर भारत पर विशेष रूप से पड़ेगा, क्योंकि भारत अपनी तेल की जरूरतों के करीब 80 फीसदी तक आयात पर निर्भर है। एक चिंताजनक बात यह भी है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है।

ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है। लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय



अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 27 सितंबर को भारत के पास रिकॉर्ड स्तर पर 704 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।

फिर भी पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत को महंगाई पर सतर्क निगाहें रखनी होंगी। विगत 14 अक्टूबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज, टमाटर के साथ हरी सब्जियों की कीमतों में करीब 36 फीसदी वृद्धि तथा महंगी हुई दालों ने सितंबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर को नौ माह के उच्चतम स्तर 9.24 प्रतिशत पर पहुंचा दिया, जोकि माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल से सितंबर में थोक महंगाई दर भी 1.84 प्रतिशत पर पहुंची है, जो कि माह अगस्त में 1.31 प्रतिशत थी। खुदरा और थोक महंगाई मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों, मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि आलू, प्याज और टमाटर के दाम कम नहीं होने से जो खुदरा महंगाई दर सितंबर माह में पांच प्रतिशत के पार हो गई, वह माह अक्टूबर में भी पांच फीसदी के पार जा रही है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढ़ने पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था और अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने पर सरकार बाजार की गिरावट रोकने के लिए भी रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले जिन 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही कर रही है, उनके अलावा करीब 18 प्रकार के एपीआई का उत्पादन भी देश में ही करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी, ताकि दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। ऐसे बहुआयामी रणनीतिक प्रयासों से देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संघर्ष और विस्तारित होते रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों से बहुत कुछ बचाया जा सकेगा।


धनतेरस विशेष
चेतनादित्य आलोक



# ब्रह्मांड के प्रथम चिकित्सा विज्ञानी भगवान धन्वंतरि

दिवाली से दो दिन पहले यानी कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला अत्यंत लोकप्रिय त्योहार 'धनतेरस' या 'धनत्रयोदशी' सनातन धर्म में धन-धान्य ही नहीं, बल्कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जगत की भी समृद्ध विरासत का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यही वह दिन है, जब समुद्र मंथन के दौरान ब्रह्मांड के प्रथम चिकित्सा-विज्ञानी भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। समुद्र से निकले कुल 14 रत्नों में तेरहवें क्रम में प्रकट हुए चतुर्भुजधारी भगवान धनवंतरि के एक हाथ में आयुर्वेद शास्त्र, दूसरे में वनस्पति यानी औषधि, तीसरे में शंख, और चौथे हाथ में अमृत-कलश था। बता दें कि इससे पूर्व समुद्र से 12 रत्न निकल चुके थे, जिनमें आश्विन महीने की पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा को चंद्रदेव तथा कार्तिक द्वादशी को कामधेनु गाय का प्राकट्य होना शामिल है। समुद्र से निकले रत्नों में सर्वप्रथम 'कालकूट' विष निकला था, जिसके ताप से समस्त सृष्टि में हाहाकार मच गया था। सभी देवता और दानव उस विष के ताप से जलने लगे और उनकी चमक फीकी पड़ने लगी। तत्पश्चात सभी ने मिलकर भगवान शिव से प्रार्थना की। उनकी प्रार्थना से द्रवित होकर महादेव भगवान शिव ने इसका पान कर अपने कण्ठ में धारण कर लिया। हलाहल विष के प्रभाव से भगवान शिव का कण्ठ नीला पड़ गया, जिसके कारण वे 'नीलकण्ठ' कहलाए। विषपान के बाद शारीरिक दाह मिटाने हेतु भगवान शिव को भगवान धनवंतरि ने ही अमृत प्रदान किया था। श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित है कि भगवान धनवंतरि की छवि अत्यंत मोहक थी। उनका शरीर बादलों-सा उज्ज्वल और प्रदीप्त था। उनके नेत्र कमल के समान सुंदर और मोहक थे। उनका वक्ष सख्त एवं विशाल था और उनके हाथ लम्बे थे। गले में अनेक प्रकार के रत्नाभूषणों एवं विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंफित वनमाला तथा शरीर पर पीताम्बर धारण करने वाले भगवान धनवंतरि चिर युवा प्रतीत होते थे। ग्रंथों में वर्णन है कि भगवान धनवंतरि ने प्रकट होते ही आयुर्वेद का परिचय कराया था। यही कारण है कि देवी-देवताओं के वैद्य भगवान धनवंतरि को आयुर्वेद महाविज्ञान का प्रवर्तक भी माना जाता है। हालांकि आयुर्वेद महाविज्ञान के संबंध में स्थापित सत्य यह है कि सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने एक लाख श्लोकों वाले आयुर्वेद शास्त्र की रचना की। इसीलिए इसका एक नाम 'ब्रह्म-संहिता' भी है। भगवान धनवंतरि के प्राकट्य से पहले आयुर्वेद गुप्त था। एक पौराणिक कथानुसार भूलोक में प्राणियों को बीमारियों से पीड़ित एवं मृत्यु का शिकार होते देख भगवान श्रीहरि विष्णु को दया आ गई। उन्होंने 'चर' की भांति छिपकर विशुद्ध नामक ऋषि के रूप में पृथ्वी पर अवतार लिया और 'चरक' कहलाए। बाद में उन्होंने ऋषि-मुनियों द्वारा रचित विविध संहिताओं को परिमार्जित कर 'चरक संहिता' नामक महान चिकित्सा शास्त्र की रचना भी की। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार एक बार देवराज इंद्र ने भूलोक पर देखा कि बड़ी संख्या में लोग रोगग्रस्त हो रहे हैं। उसके बाद उनकी प्रेरणा से भगवान धनवंतरि ने काशी के राजा दिवोदास के रूप में अवतार लिया। कालांतर में अपने पिता विश्वामित्र की आज्ञा से महर्षि सुश्रुत अपने साथ एक सौ ऋषि-पुत्रों को लेकर काशी पहुंचे और राजा दिवोदास, जिन्हें 'काशीराज' भी कहा जाता था, से आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त की। बाद में उन ऋषि-मुनियों ने लोक-कल्याणार्थ अपनी-अपनी संहिताओं एवं ग्रंथों की रचना की। महर्षि सुश्रुत द्वारा रचित संहिता का नाम 'सुश्रुत-संहिता' है, जो आयुर्वेद का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। गौरतलब है कि उन ऋषि-मुनियों ने पृथ्वी वासियों के रोगों के निवारणार्थ उपचार की अनेक पद्धतियां भी विकसित कीं। यही वह कालखंड था, जब महान वैद्य एवं चिकित्सा विज्ञानी वाग्भट्ट जी ने भी काशीराज के रूप में लोकप्रिय भगवान धनवंतरि से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त किया और 'आष्टांग हृदय' नामक ग्रंथ की रचना भी की, जो आयुर्वेद महाविज्ञान का एक मानक ग्रंथ है। बाद में काशी के राजा दिवोदास ने काशी में विश्व का पहला शल्य चिकित्सा विद्यालय स्थापित किया और आचार्य सश्रत को उसका प्रधानाचार्य नियक्त किया।


# क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'


# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**चीन की अर्थव्यवस्था से भारत का मुकाबला**

हमारे देश में दिवाली पर लोग घरों में रोशनी करने के लिए अब चाईनीज सामान लेने में दिलचस्पी दिखाने लगे हैं। इससे दिवाली पर करोड़ों रुपए चीन को चले जाते हैं, जबकि इसी कीमत पर अपने देश में तैयार मिट्टी के दीपक भी मिल जाते हैं। इससे हमारे देश की धनराशि देश में ही रहेगी। लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे। लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों बढ़ चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा विदेशी वस्तुओं से लगाव बहुत ज्यादा हो गया है। *-सुभाष यादव, दुर्ग*

## ट्रेंड

**सांस्कृतिक विरासत**



जम्मू-कश्मीर हो या तेलंगाना या फिर छत्तीसगढ़, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कई लोग असाधारण कार्य कर रहे हैं। उनका यह प्रयास हर देशवासी के लिए एक मिसाल है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**अल्पकालिक राहत**



मेरे मुद्दा उठाने के बाद कर्नाटक सरकार ने वक्फ बोर्ड द्वारा किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने का फैसला किया है। यह केवल अल्पकालिक राहत है। वक्फ मंत्री जमीर ने जो वक्फ अदालतें गठित की हैं, उनमें बड़ी गड़बड़ी है। वे कंगारू अदालतें हैं।
- तेजस्वी सूर्या, भाजपा सांसद

**बेख़ौफ़ अपराध**



एक हत्या का साहस और फिर ज़िलाधिकारी के आवास के पास लाश को दफनाने का दुस्साहस बताता है कि गुनाह करने वाले भाजपा राज में कैसे बेख़ौफ़ अपराध कर रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

**कहानी सुनाना पसंद**




हिमालयन स्टोरीटेलिंग इंस्टीट्यूट में कहानी सुनाना बहुत पसंद आया। मैं पढ़ाता नहीं हूं, बल्कि छात्रों को अपने अंदर की कहानियां ढूंढने में मदद करता हूं। क्योंकि हम कहानियां सुनाने के लिए पैदा हुए हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# पाक में पोलियो के विषाणु पाए जाने पर टीकाकरण


पाकिस्तान के 16 जिलों में पोलिया के विषाणु का पता चलने के बाद सरकार ने देशभर में सोमवार को अपना तीसरा टीकाकरण अभियान शुरू किया, ताकि देश के 4 .5 करोड़ बच्चों को पोलियो की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके। अखबार 'डॉन' में प्रकाशित खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले सप्ताह विश्व पोलियो दिवस पर प्रधानमंत्री आवास में आयोजित एक समारोह के दौरान तीसरे अभियान की घोषणा की थी। उन्होंने वहां बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई। पाकिस्तान में पोलियो के खिलाफ तीन नवंबर तक टीकाकरण अभियान चलेगा, जिसका उद्देश्य देश में पोलियो के खतरनाक प्रसार को खत्म करना है।



## ऑफ बीट

# आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार

कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया,



## संक्षेप

### बाईकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल, ईलाज जारी

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। सम्मनपुरवा के पास दो मोटरसाइकिलों के आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। राँहगीरों की मदद से सभी को इलाज के लिय निजी अस्पताल लाया गया है। जहां इलाज जारी है।मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। जिले के थाना खैरी घाट क्षेत्र अंतर्गत आज शनिवार को रामपुर वैवाही मार्ग पर अरनवा के मजरा नरायनपुरवा निवासी युवक लायकराम पुत्र गोबरे जो अपने घर से रामपुर बाजार दूध बेचने के लिए जा रहे थे। वहीं उपस्थितों ने बताया कि राम लखन पुत्र बुधई व अर्जुन पुत्र हुसैनी शराब के नशे में थे जिससे बाइक अनियंत्रित होकर लायक राम के मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई और लायकराम गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसमे रामलखन व अर्जुन को भी हल्की चोट आई है।सभी को ईलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज जारी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों मोटरसाइकिलों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।

### हत्या मामले में मां व दो बेटों को आजीवन कारावास

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर, गोसाईंगंज के बहाउद्दीनपुर गांव में हुई पारिवारिक रंजिश के चलते युवक की हत्या के मामले में अदालत ने दोषियों को कठोर सजा सुनाई। मंगलवार को एडीजे एकता वर्मा ने आरोपी मां और उसके दो बेटों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 90 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ला ने बताया कि पीड़िता सुशीला तिवारी ने 19 जुलाई 2019 को गोसाईंगंज थाने में अपने पति की हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर के अनुसार, उनके पति सुबह गांव के बाहर तालाब की ओर शौच के लिए गए थे। इसी दौरान पट्टीदार अमन, अजय, किशन, उनकी मां शशिकला तिवारी, और रिश्तेदार करुणाशंकर समेत अन्य लोगों ने लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी, और तमंचे से हमला कर उनकी निर्मम हत्या कर दी।

### सुल्तानपुर में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, शादी के मात्र तीन साल पांच माह बाद सुल्तानपुर की रहने वाली एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना नई दिल्ली में हुई है। मृतका चांदनी (25) की मौत के बाद उसके ससुराल वाले शव को बिना पोस्टमॉर्टम कराए नई दिल्ली से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते अपने घर ले जा रहे थे, तभी मायके वालों ने गाड़ी रुकवा दी और शव अपने घर ले आए।

# अंधेरे में रोशनी की किरण बनकर पहुंचे थानाध्यक्ष

## वितरित किए मोमबत्ती, पटाखे, मिठाइयां व अन्य उपहार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। अपने घरों से दूर रहकर भी लोगों को खुशियां देने में आनंद की अनुभूति होती है। ऐसे ही खैरीघाट थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह का सराहनीय कार्य सामने आया। थाना क्षेत्र के झोपड़पट्टी वाली बस्तियों में टीम सहित पहुंचकर गरीब बच्चों में वितरण किये पटाखे, मिठाइयां व अन्य उपहार तथा उनके संग मनाया महापर्व दीवाली का त्यौहार।



जिले के थाना खैरीघाट के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने दीपावली के पावन पर्व पर थाना क्षेत्र की झोपड़पट्टी वाली मलिन बस्तियों में अपने टीम सहित पहुंचकर गरीब बच्चों में पटाखे, मिठाइयां व मोमबत्ती सहित काफी उपहार वितरण किया। गरीब बच्चों संग उन्होंने मनाया प्रकाश का महापर्व। ऐसे में बच्चे भी अपने बीच थाना अध्यक्ष को देख काफी प्रसन्न व गदगद हो उठे। उपहार पाकर बच्चों का चेहरा खिल उठा। थानाध्यक्ष भी भावुक हो गये। बस्तियों की महिलाओं ने कहा कि थानाध्यक्ष ने अंधेरे में उजाले की व्यवस्था की है और हमारे बच्चों के चेहरे पर जो मुस्कुराहट बिखेरी है उसके लिए हम उन्हें सादर धन्यवाद करते हैं। इससे पूर्व इन बस्तियों में अभी तक कोई थानेदार रोशनी की किरण बनकर नहीं आया था। थाना अध्यक्ष द्वारा किया गया यह कार्य काफी प्रशंसनीय है। ज्ञातव्य हो कि जब से खैरीघाट थाने की कमान थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने संभाला है तब से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगने के साथ ही समस्त प्रकार के पर्व व थाना क्षेत्र में होने वाले आयोजन सकुशल संपन्न हुए हैं। इन्होने अपनी कार्यकुशलता, न्यायिक क्षमता व सहज स्वभाव से सभी को प्रभावित किया है।

# बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर मे प्रकाश की अमावस्या पर उमड़ा लाखों का हुजूम

## श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर हजारों की संख्या में जलाए दीपक

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के मजरा महादेव स्थित प्राचीनतम शिव मंदिर बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मे दीपावली की अमावस्या पर प्रातः 4:00 बजे से ही लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया।इस मंदिर परिसर में महीने की अमावस्या व पूर्णमासी मे मेले का आयोजन होता है तथा मनोकामना सिद्ध मंदिर होने के चलते प्रतिदिन ही यहां विभिन्न प्रकार के संस्कार एवं रामायण वेद पाठ, संकीर्तन भंडारे संपन्न होते रहते हैं। श्रद्धालुओं की ऐसी आस्था है कि यहां पर जो भी मांगा जाए शिव शंभू से अवश्य पूरा करते हैं।इस मंदिर परिसर में जिलाभिषेक, संस्कार व पूजन हेतु प्रदेश के कई जनपदों के श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था चाक



चौबंद रखने के दृष्टि से थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ससमय महिला पुरुष पुलिस बल के साथ मंदिर प्रांगण में पहुंच गए।हजारों श्रद्धालुओं की लंबी लगी लाइन को मंदिर में बैरीकेटिंग कर भीड़ को नियंत्रित किया गया। जलाभिषेक करने आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा व शांति के दृष्टि से थाना अध्यक्ष ने स्वयं मोर्चा संभाला। मंदिर के पुजारी ने कहा कि पिछले श्रावणी मेला से आज तक के सभी त्योहारों के मंदिर प्रांगण में लगने वाले मेले को थाना अध्यक्ष ने अपनी सूझबूझ से सकुशल संपन्न कराया है। वहीं थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ रामपुर बाजार में पैदल रूट मार्च कर अवाम को सुरक्षा का एहसास दिलाया है।वाहन चालकों से गति पर अंकुश लगाने की सीख दी एवं लाईसेंसी पटाखों की दुकान चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना खैरीघाट की समस्त पुलिस टीम मौजूद रही।

# हनुमान जन्मोत्सव एवं दीपावली के पावन पर्व पर दीपोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा में स्तिथ हनुमंत सरोवर तट पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव एवं दिवाली महा पावन पर्व के शुभ अवसर पर भारत माता पूजन समिति पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 5100 पांच हजार एक सौ दीपक जलाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया आपको बताते चलें पवन पुत्र हनुमान जन्मोत्सव एवं दीपावली के महापर्व के अवसर पर एक्यावन सौ दीप जलाकर बॉर्डर क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा कों प्रकाशमय कर दिया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि गंगासिंह उदावत 42वाहिनी एसएसबी कमांडेंट नानपारा ने इस मौके पर भारत, नेपाल एवं चीन के रिश्ते एवं सीमा पर टकराव पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि चेयरमेन रूपईडीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने सुख समृद्धि एवं चाहुमुखी विकास के लिए सभी कों एकजुट रहकर नगर पंचायत रूपईडीहा के विकास में सहयोग माँगा।इसी क्रम में सर्वेश संघ प्रचारक ने विकसित भारत-अखंड भारत पर आने विचार साझा किये।कार्यक्रम के दौरान मुख्यरूप से शेर सिंह कसौधन, भारत माता पूजन समिति के संरक्षक संजय वर्मा कार्यक्रम संयोजक, सत्येंद्र सिंह, इंस्पेक्टर 42 सी वाहिनी अपनी पूरी टीम के साथ विजय सिंह, उपनिरीक्षक आदर्श थाना रुपईडीहा पुलिस बल के साथ कन्हैया वर्मा, उपाध्यक्ष अरुण पाठक, आशीष त्रिपाठी, दीपक आर्या ,केसरी प्रसाद सोनी, गज्जू भैया राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, उपाध्यक्ष विनोद गिरी, मंत्री वैभव सिंह, रमेश सोनकर सहित संतोष शुक्ला, गोपाल शुक्ला, रतन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, तेजप्रसाद वर्मा, सुरेश वर्मा, राजेश वर्मा, किशोरी मिस्त्री, शंकर पासवान, शर्मिला पाठक आदि उपस्थिति रहे।

# पुलिया में टकराने से बाइक सहित नीचे गिरा चालक, हुई मौत, एक घायल

## बहन का इलाज कराने जा रहे थे दोनों युवक, पुलिस ने पूर्ण की विधिक कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के थाना खैरीघाट अंतर्गत शिवपुर रैंप के पास अनियंत्रित होकर एक बाइक पुलिया से टकरा गई और बाइक सहित चालक गहरे पानी में गिरा गया जिससे उसकी मौत हो गई, एक हुआ घायल।

खबर के मुताबिक जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लदूपुरवा ग्राम पंचायत के दुईजीपुरवा गांव निवासी जवाहिर और अर्जुन एक ही बाइक पर सवार होकर गुरुवार रात करीब 11 बजे बहन का इलाज करवाने सीएचसी शिवपुर के लिए निकले हुए थे। अस्पताल पहुंचने से पहले ही शिवपुर रैंप के पास बनी पुलिया में अनियंत्रित होकर बाइक टकरा गई और बाइक चला रहे जवाहिर मोटरसाइकिल सहित गहरे पानी में पुल के नीचे चले गए जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई। पीछे सवार अर्जुन पुलिया से टकराने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार व खैरीघाट थाने की पुलिस पहुंची और वैधानिक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व पीएसी जवानों ने किया पैदल गस्त

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। दीपावली भैया दूज जैसे आसन्न त्यौहारों को लेकर जहां बहराइच पुलिस पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है वही क्षेत्र में अमन चैन, शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर पीएसी के जवान भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। इसी क्रम में सीमावर्ती थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज मे थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के निदेर्शानुसार शनिवार को बाबागंज चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी के जवानों ने कस्बा के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल रूट मार्च किया। इस दौरान जहां पुलिस जवानों द्वारा लोगों में सुरक्षा का एहसास दिलाया गया वहीं पर लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई। इस दौरान बाबागंज पुलिस चौकी के आरक्षी भरत यादव, सुनील यादव, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# बूढ़ेश्वरनाथ में जलाभिषेक करने आए युवक की बाइक हुई चोरी

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। खैरीघाट थाने की पुलिस चौकी वैवाही क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रहीं हैं। चोरों के आगे नतमस्तक चौकी प्रभारी बैबाही नतमस्तक दिखाई दे रहे। जिले के थाना रुपईडीहा की चौकी चिकनिया क्षेत्र निवासी राजकुमार पुत्र बुधराम जो शुक्रवार को बाबा बूढ़ेस्वर नाथ मन्दिर में जलाभिषेक करने के लिए आया था। मोटरसाइकिल को खड़ा कर जलाभिषेक करने मंदिर के अंदर चला गया। बाहर निकलने पर देखा कि मोटरसाईकल यूपी 40 एयू 9045 काली हीरो स्प्लेंडर प्लस मौके से गायब थी। पीड़ित ने काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका इस पर पीडित ने चौकी बैवाही व थाना खैरीघाट में लिखित सूचना शुक्रवार को देकर कार्यवाहीकी मांग किया है। वहीं इस संबंध में चौकी प्रभारी ने कहा कि घटना सत्य नहीं है। जबकि अब तक बैबाही क्षेत्र में हो चुकी है छह



चोरिया किन्तु पुलिस के खाली हाथ। ऐसे में क्षेत्रीय आवाम मे अब चोरों का खौफ साफ परिलच्छित हो रहा है। घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है कार्यवाही की जाएगी।

# दिवाली की रौनक में बाजार रहे गुलजार, दीपोत्सव की रही धूम

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमाक्षेत्र के बाजारों में दिवाली की रौनक साफ दिख रही है। धनतेरस की पूर्व संध्या पर बुधवार-गुरुवार कों जहाँ बर्तन बाजार सज गया वही फर्नीचर, मोटर साईकिल शोरूम, गिफ्ट सेंटर, ज्वेलर्स, कपड़े, सजावट की सामग्री, मिठाइयाँ, मिट्टी के दीये,फूल और गुलदस्ता,रंग- बिरंगी लाइटो से बाजार गुलजार रहे।

पूजन के लिए श्रीगणेश - लक्ष्मी की मूर्तियो के आलावा बच्चों के खिलौने की दुकानों पर भीड़ देखी गई।अप्रिय घटनाओ कों रोकने व शांतिपूर्व माहौल में सकुशल त्यौहार निपटाने हेतु पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कों लेकर सक्रिय रही। चौक-चौराहो पर चौकी इंचार्ज बाबागंज रामगोविन्द वर्मा पीएससी जवानों के साथ मुस्तद रहे।डॉ सुरेश गुप्ता ने बताया कि दिवाली पर पटाखों से बच्चों एवं बुजुर्गो व दिल के मरीजों का ध्यान रहना बेहद जरुरी है। ऐसे में कोशिश करें कि दीपावली में इको फ्रेंडली पटाखों का इस्तेमाल करें।

**विकास खंड नवाबगंज में बड़े पैमाने पर मिट्टी के दीए दिवाली में तैयार कर बेचे जाते है।किन्तु नेपाल बॉर्डर से विकास खंड की सीमाएं साझा होने से 40-50 प्रतिशत चाइनीज झालरों एवं लाइट के सामानो की बिक्री होने से स्थानीय कुम्हारो का धंधा मंद हो जाता है।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर लोकल फॉर वोकल की वजह से दीए की मांग बढ़ी है।**
**--डॉ हरीशचंद्र उर्फ बंटू भैया (पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज)**

**भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे बड़े पर्व दीपावली मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का अनुसरण करते हुऐ इस पर्व पर हम सभी को समाज के सभी वर्गो को सम्मलित करते हुये सभी के साथ आनंद साझा करने की अपील की है।**
**----हरीश वर्मा (पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ नवाबगंज)**

# प्रयागराज से एक लाख का इनामी अंकित यादव गिरफ्तार

## सुल्तानपुर का डकैती कांड: दो माह बाद एसटीएफ को मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के भरतजी सोनी की शॉप पर दो माह पूर्व हुई करोड़ों की डकैती में एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश अंकित यादव को छिवकी रेलवे स्टेशन से अरेस्ट कर कोतवाली नगर पुलिस के हवाले किया है। अंकित यादव को एसटीएफ ने छिवकी रेलवे स्टेशन प्रयागराज से गिरफ्तार किया जहां से उसे कोतवाली नगर सुलतानपुर लाया गया। पुलिस पूछताछ में इसके पास से 755 ग्राम चांदी व 2800 रुपये नगद बरामद कराये गये। बता दें कि अब तक डकैती कांड में कुल 12 बदमाश पकड़े जा चुके हैं, जिनमें दो का फुल एनकाउंटर और चार का हॉफ एनकाउंटर हुआ है। कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में बीते 28 अगस्त को दिनदहाड़े असलहे के बल पर बदमाशों ने भरतजी



सोनी सर्राफ की दुकान से सवा करोड़ के जेवरात की डकैती की थी। कोतवाली नगर में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। यूपी एसटीएफ के साथ अयोध्या, सुल्तानपुर की एसओजी और अमेठी-सुल्तानपुर की पुलिस टीम इस कांड के खुलासे में लगाई गई थी। इस क्रम में अगले दिन 29 अगस्त को मास्टर माइंड विपिन सिंह ने गैंगेस्टर के एक मामले में रायबरेली कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जबकि 2 सितंबर को तड़के कोतवाली नगर के गोड़वा क्षेत्र से एसओजी व कोतवाली पुलिस ने बदमाश सचिन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह और त्रिभुवन को हॉफ एनकाउंटर कर पकड़ा था, इनके पास पंद्रह किलो चांदी व कैश बरामद किया। 4 अगस्त की रात बचे हुए सभी बदमाशों पर एडीजी ने एक लाख रुपए इनाम की घोषणा किया और 5 सितंबर को एसटीएफ सीओ डीके शाही की टीम ने कोतवाली देहात पुलिस टीम के साथ हनुमानगंज बाईपास के पास बदमाश मंगेश यादव को एनकाउंटर में मार गिराया था। इस पर पॉलिटिक्स गरमा गई थी। दूसरे दिन से मंगेश एनकाउंटर की न्यायिक जांच की मांग उठी, प्रशासन ने मजेस्ट्रियल जांच के आदेश दिए।इसी दौरान 12 सितंबर को अयोध्या एसओजी, सुल्तानपुर एसओजी और नगर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली नगर के दुबेपुर मोड़ से चार बदमाश विवेक सिंह, दुर्गेश सिंह, अरविन्द यादव और विनय शुक्ला को गिरफ्तार किया। जिनके पास से सवा दो किलो सोना बरामद हुआ था। 20 सितंबर को एसटीएफ ने हॉफ एनकाउंटर में जयसिंहपुर के मोइली से बदमाश अजय यादव को पकड़ा।

# हथियारों के बल पर छात्रा का अपहरण

- परिजन बोले- बदमाशों के साथ आया रिश्तेदार, तमंचा दिखाकर साथ ले गया

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर में घर से एक नाबालिग छात्रा का 14 हथियारबंद लोगों ने अपहरण कर लिया। इसमें एक रिश्तेदार युवक और उसके परिजन शामिल थे। छात्रा के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्रा के पिता ने संभल जिले के बहजोई कस्बे के 14 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग हथियारों के बल पर उनकी बेटी को अगवा कर ले गए। शिकायत के अनुसार, बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाला एक युवक, जो संभल जिले का निवासी है, कुछ समय से किराए पर रह रहा था। उसने कई बार गलत हरकतें की। जिसे नजरअंदाज कर दिया गया था।




शिकायतकर्ता के मुताबिक, 28 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे, यह युवक अपने आठ परिजनों और पांच अज्ञात हथियारबंद लोगों के साथ उनके घर में घुस आया।

उन्होंने छात्रा के सिर पर तमंचा लगाकर उसे जबरन अपने साथ ले गए। युवक और उसके साथी धमकियां दे रहे थे, जिससे डर के कारण परिजन कुछ नहीं कर सके। शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। पीड़ित के रिश्तेदार ने बताया कि पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया है। मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है।

# कुएं में मिला बिजली मिस्त्री का सिर कटा शव

## सुल्तानपुर में एक महीने से था लापता, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर के अग्रेसर गांव में एक कुएं से आज एक महीने से लापता बिजली मिस्त्री विनोद मिश्र का सिर कटा हुआ शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान चैनपुर भपटा निवासी विनोद मिश्र के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, और परिवारजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। विनोद मिश्र के दो बच्चे और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। अग्रसर गांव के पास खेतों में धान काटने गए ग्रामीणों ने कुंए से दुर्गंध आने पर जब पास जाकर देखा, तो वहां एक शव तैरता मिला। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, और मौके पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव की स्थिति देखकर स्थानीय लोगों में खलबली मच गई क्योंकि मृतक का सिर गायब था। कई घंटों की मेहनत के बाद गोताखोरों ने कुंए से शव का कटा हुआ सिर भी बरामद किया। विनोद मिश्र 29 सितंबर की रात को घर से शौच के लिए निकले थे और तभी से लापता थे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। शव की बरामदगी के बाद पुलिस ने परिजनों को बुलाकर पहचान करवाई, जिसके बाद उनकी पहचान विनोद मिश्र के रूप में हुई।

# हापुड़ में घर में घुसकर चोरी

- सोते समय परिवार को सुंघाया नशीला पदार्थ, लाखों का माल लेकर हुए फरार

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव रसूलपुर बहलोलपुर में घर के अंदर सीढ़ी लगाकर घुसे चोरों ने सो रहे लोगों और घर के पालतू कुत्ते को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेसुध कर दिया। इसके बाद चोरों ने पूरे घर को खंगाले हुए करीब 50 हजार की नकदी, लाखों के आभूषण और सामान चोरी कर लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक रसूलपुर बहलोलपुर निवासी गुरविंदर उर्फ गुड्डू ने बताया कि रात 10 बजे के आसपास वह अपनी पत्नी रविता के साथ बरामदे में सोये थे। जबकि उनका बेटा अभिषेक कमरे में सो गया। रात किसी समय चोर पड़ोस में बंद पड़े घर में सीढ़ी लगाकर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने पालतू कुत्ते और परिवार के



तीनों लोगों को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। चोरों ने अभिषेक के कमरे में मौजूद अलमारी का ताला तोड़ा, लेकिन उसमें जब कुछ नहीं मिला तो दूसरे कमरे में सारा सामान तितर-बितर कर दिया। उसके बाद चोरों ने गेंहू की टंकी में रखे 50 हजार रुपए, सोने-चांदी के आभूषण के अलावा रसोई में रखा 2 किलो देसी घी तक चोरी कर लिया। रात को करीब एक बजे पड़ोस में रह रहे भतीजे विनय ने घर के अंदर अंधेरा देखकर शक होने पर सभी को पहुंचकर गहरी नींद से जगाया। इसके बाद रात को ही डायल-112 पर पुलिस को चोरी की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# संक्षेप

## नगरपालिका कर्मियों को दीपावली का तोहफा

अमन लेखनी समाचार

डिबाई, नगरपालिका में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में नगरपालिका चेयरमैन अरूण कुमार सिंघल ने सभी वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व चाय की केतली उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया। नगर को साफ-सुथरा रखने में सभी नगरपालिका सफाई कर्मचारियों व सफाई कर्मी महिलाओं की अहम भूमिका रही है।जिसमें नगर में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया और नगर वासियों को स्वच्छ वातावरण देने में सफाई कर्मियों ने जी-जान से जुट कर मेहनत की सभी इस सराहनीय कार्य के हकदार है मेरे कार्यकाल में किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या नहीं होंगी मैं नगर के सभी वार्ड सदस्यों का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे नगर की समस्याओं से अवगत कराया और नगर में स्वच्छता, पानी, सड़क की समस्याओं से निजात दिला कर नगर वासियों को सुविधा उपलब्ध कराई । वार्ड सदस्यों ने बताया कि नगरपालिका में पहली बार दीपावली के महा पर्व पर नगरपालिका में प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किये गये इस पहल के लिए नगर चेयरमैन अरूण कुमार सिंघल बधाई के पात्र हैं और सभी सफाई कर्मी महिलाओं व पुरुषों ने नगर चेयरमैन का आभार प्रकट किया और कहा कि दीपावली के त्योहार पर उपहार देकर हमें जो सम्मान दिया है उससे हमें इस बात का अनुभूति होती है कि हम भी समाज में अपनी कार्य शैली में सुधार करेंगे। कभी भी कोई शिकायत का मौका नहीं दिया जायेगा। नगरपालिका एसआई शमशाद अहमद, प्रमोद कुमार, जेइ कुलदीप तोमर,चन्द्र ज्ञान,सोनू,सिराज अहमद, रिजवान,मनोज कुमार, ठाकुर जयवीर सिंह ललित कुमार, चिरांग कुमार,मौनू सिंघल, उमेश गुप्ता एवं समस्त वार्ड सदस्यों के अलावा नगरपालिका स्टाफ मौजूद रहा।

## आंख फोड़ने के आरोपी को 7 साल सजा

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर स्थित एसीजेएम कोर्ट ने आपसी विवाद के एक मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि कोई भी विवाद इतना बड़ा नहीं हो सकता कि किसी की आंख फोड़ने का फैसला लिया जाए। इस मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही डेढ़ लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है। जिसमें से 1 लाख रुपये पीड़ित प्रकाश को क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। एपीओ सूरज कुमार यादव ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वादी मुकदमा राकेश ने थाना अनूपशहर पुलिस को सूचित किया था कि प्रकाश, वीरेन्द्र, दिनेश, और राजेश ने लहसुन उखाड़ने के विवाद पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने 323, 504, और 506 की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने जीरह, गवाहों और बयानों के आधार पर आरोपियों को 1 वर्ष के कारावास और 2500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया था।

# झगड़ा छुड़ा रहे प्रधान पर प्राणघात हमला नौ पर केस दर्ज

## तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर के प्रधान को वृहस्पतिवार को आपस में झगड़ा कर रहे दो लोगो को समझाने बुझाने गए तो एक पक्ष के मनबढ़ नौ की संख्या में उन पर प्राणघात हमला कर घायल कर दिया। जिससे उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्रधान की शिकायत पर नौ लोगो के खिलाफ केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी से परमेश्वरपुर प्रधान रामन्नदपुत्र सिरपत वृहस्पतिवार को पड़ोस के दो लोग झगड़ा कर रहे। जिसे उन्होंने छुड़ा दिया। रात्रि में 9 बजे भोजन कर सड़क पर टहल रहे थे। उसे दौरान नौ की संख्या में मनबढ़ उन्हें अकेला देखकर लाठी डंडे से प्राणघात हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घायल अवस्था में सीएचसी सहजनवा लाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने प्रधान की शिकायत पर रामजनक, मोनू, गुड्डू, रामजनक का साला ,दिनेश, श्यामवीर, ओमवीर साहनी, रिंकी, शनि के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रयास, बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बाल कटिंग करा रहे युवकों को पीटा, केस दर्ज

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के अमटौरा निवासी समीर पुत्र राजू और मनोज पुत्र राम लक्षण देईपार चौराहे पर बाल कटिंग करा रहे थे। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर तीन मनबढ़ और पांच की संख्या में अज्ञात दोनो को गाली गुप्ता देते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने श्रीजन, दुर्गेश, साहिल तथा पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## महिला को पीटा आरोपी पर केस दर्ज

गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी टोला मझौवा निवासी रफीकुन निशा पत्नी अब्दुल करीम रात में 12 बजे अपनी लड़की के पास सोने के लिए गई। उसी दौरान गांव का मनबढ़ देखकर गाली गलौज करने लगा। जिसका विरोध किया तो वह लात घुसो डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी अकरम अली निवासी मझौवा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सहजनवा पुलिस ने अपराध में सक्रिय दो बदमाशो पर की गैंगगेस्टर की कारवाई

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवा पुलिस ने गिरोह बना क्षेत्र में अपराध करने वाले दो बदमाशो के खिलाफ गैंगगेस्टार की कारवाई की है। 1 नवंबर को एसओ विशाल उपाध्याय हमराही बृजेश सिंह यादव, गोविंद यादव,विश्वनाथ संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले थे। तभी जानकारी मिली कि एक युवती को आटो से लाकर रानुखोर में दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त गिरोह बना कर क्षेत्र में अपराध करने में सक्रिय है। जिससे अवैध धन अर्जित कर रहे है। और इनके अपराध को देखते हुए जनता में भय व्याप्त है। इसके बाद पुलिस ने ताहिर अली उर्फ बबलू पुत्र मोहम्मद हसन निवासी ट्यूबल कालोनी मोती नगर थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीरनगर और रामकिशून उर्फ शिव शरण उर्फ. नाटे उर्फ मोटे पुत्र राम आसरे निवासी पठान टोलाथाना कोतवाली खलीलाबाद जिला सन्त कबीरनगर के खिलाफ गैंगगेस्टर की कारवाई की है।

## मोबाइल का नंबर मांगने पर मनबढ़ो ने पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के अमटौरा निवासी सिद्धार्थ सिंह राणा पुत्र अरुण कुमार सिंह शुक्रवार को झुगिया चौराहे पर खड़ा थे। और गांव के एक चालक का मोबाइल नंबर मांग रहे थे। पास खड़े मनबढ़ देखकर गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपी राकेश ,मुकेश, जगदीश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गाजियाबाद में निकाली 'एक दिया सैनिकों के नाम' जागरुकता-रैली

### दिवाली के अवसर पर एक दिया अपने देश के वीर सैनिकों के लिए जलाने की अपील की

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, मोदीनगर के डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में 35 यू पी वाहिनी एनसीसी मोदीनगर के तत्वाधान में 'एक दिया सैनिकों के नाम' एक जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली, कॉलेज से प्रारंभ होकर हाईवे होते हुए गुरुद्वारा रोड, बस स्टैंड, आनंदी पुरा ,आदर्श नगर, राजेंद्र नगर, सौदा रोड होते हुए कॉलेज पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने कहा कि दीवाली के पर्व के अवसर पर एक दिया अपने देश के वीर सैनिकों के लिए अवश्य जलाएं, जो देश की रक्षा में दिन रात लगे रहते हैं। रैली में कॉलेज के 170 एन सी सी कैडेट्स ने भाग लिया। इस रैली का संचालन लेफि_टनेंट राजीव कुमार एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर ने किया। रैली समापन के अवसर पर एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने कहा शहीद सैनिक हमारी ताकत हैं उनकी यादों को संजोए रखना हर भारतवासी की नैतिक ज़िम्मेदारी है, अगर हम ऐसा करते हैं तो सैनिकों ओर शहीदों का सम्मान बढ़ेगा।

# डेयरी में घुसकर दबंगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

- गैंगस्टर ने दीवार फांदकर बचाई जान, पुरानी रंजिश में किया जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, गाजियाबाद के मोदीनगर में निवाड़ी के गांव नंगला मूसा में पुरानी रंजिश के चलते हमलावरों ने डेयरी में घुसकर गैंगस्टर राहुल उर्फ कालू पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में गांवों में भगदड़ मच गई। गैंगस्टर ने दीवार फांदकर अपनी जान बचाई। गोली लगने से एक बकरी घायल हो गई।

पुलिस ने तीन नामजद सहित चार के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज की है। वर्तमान में गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन निवासी राहुल उर्फ कालू मोदीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने अभी उस पर और उसके दो साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। राहुल की पत्नी करिश्मा की ओर से दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार, उसका पति राहुल निवाड़ी के गांव नंगला मूसा में पशुओं की डेयरी करता है। देर रात राहुल डेयरी पर था। तभी पुरानी रंजिश के चलते जलवीर पंडित अपने तीन साथियों के डेयरी में घुस गया और राहुल पर जान लेने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। राहुल जान बचाने के लिए दीवार फांदकर भाग गया। एक गोली वहां बंधी बकरी को लगी। पुलिस ने भागे गैंगस्टर राहुल और उसके साथी को गिरफ्तार लिया। पुलिस के अनुसार, राहुल पहले जलवीर पंडित उर्फ जल्लू के लिए काम करता था। कुछ दिन बाद दोनों अलग हो गए।

# झगड़ा करने से मना करने पर पीटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के डोमहर माफी निवासी आनंद सिंह पुत्र स्व रामजीत सिंह किसी काम से जा रहा था। रास्ते में दो लोग झगड़ा कर रहे थे। पीड़ित ने झगड़ा करने से मना किया तो दो नामजद मनबढ़ कुछ अन्य उसे मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने विवेक सिंह, विकास सिंह और कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पटाखा खरीदने गए युवक की बाइक चोरी, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। थाना राजघाट अमरूद ट्रासपोर्टनगर निवासी राजेश कुमार पुत्र रमाकांत प्रसाद बुधवार को शाम 7 बजे बाइक से नौसढ बहरामपुर पटाखा खरीदने गया। बाइक खड़ा कर पटाखा खरीद कर वापस लौटा तो बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद पता नही चला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गाजियाबाद में मनचले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- ट्यूशन से लौट रही छात्राओं से कर रहा था छेड़छाड़, विरोध करने पर तेजाब डालने की धमकी दी

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, मोदीनगर की एक कॉलोनी में ट्यूशन से लौट रही छात्राओं से मनचले ने छेड़छाड़ कर दी। मनचला छात्राओं का पीछा करते हुए उनके घर में घुस गया। विरोध करने पर मनचले ने चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी। शोर मचाने पर मनचला वहां से भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित युवती ने बताया कि शाम वह अपनी बहन के साथ दूसरे मोहल्ले में ट्यूशन पढ़ने गई थी। रात के समय दोनों बहनें घर लौट रही थी। आरोप है कि इसी बीच एक मनचला उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा। छात्राओं ने उसे झमझाने प्रयास किया मगर वह उनका पीछा करते हुए घर तक पहुंच गया। विरोध करने पर आरोपी मनचला मारपीट करने लगा और उनके चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी। इससे छात्राएं दहशत में आ गईं। उन्होने किसी तरह साहस दिखाकर शोर मचा दिया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी वहां से भाग निकला। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर गोविंद जोशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की डीएम की नई-पहल

## कर्मचारियों से भी होगी सीधी बात, बोले-फेसबुक-ट्वीटर पर लिखे नाम और नंबर

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय को बेहतर बनाने और पढ़ाई की गुणवत्ता को अच्छा करने के लिए नई पहल शुरू की है। प्रशासन के तरफ से एक गूगल फार्म बनाया गया है। डीएम ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के पास विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए कोई सुझाव है, तो फार्म भरकर भेजें। ताकि उनके साथ सीधी वार्ता कर सुझाव पर विचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि तमाम विभागों के ऐसे कर्मचारी भी हैं। जिनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता है। डीएम ने कहा कि ऐसे कर्मचारियों की समस्याओं को मेरे द्वारा 10 नंबवर को सुनवाई की जाएगी। ताकि कर्मचारियों की भी समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके। वहीं अब जिन लोगों को अपनी समस्याओं को डीएम के सामने रखना है। वह लोग डीएम की फेसबुक और ट्वीटर की आईडी पर अपना नाम और नंबर लिख दें। डीएम कार्यालय की तरफ से उनसे संपर्क किया जाएगा। शाहजहांपुर में प्राथमिक विद्यालयों के भवन को बेहतर बनाने और प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा को गुणवत्ता को अच्छा बनाने के लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पहल की शुरू की। अब प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को संबधित विभागों के चक्कर नही लगाना पड़ेंगे। भवन की मरम्मत कराकर उसको सुंदर बनाना हो या फिर पढ़ाई को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। इसके लिए डीएम के निर्देश पर एक गूगल फार्म भरकर सभी प्रधानाध्यापकों को भेजा जाएगा। डीएम ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय जूनियर हाईस्कूल में जो भी प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षामित्र और अनुदेशक विद्यालयों के भवन, पढ़ाई और बच्चों की उपस्थित को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन ये प्रयास एक स्कूल तक सीमित रहे जाता है। उनके मन में रहे जाता है। प्रशासन ने एक प्लान बनाया है। ऐसे लोगों के पास अगर कोई सुझाव है, तो उनसे हमारे द्वारा नवंबर के द्वितीय सप्ताह में पर्सनली बुलाकर उनसे बातचीत करेंगे। ऐसे लोगों के लिए गूगल फार्म बनाया है। उस फार्म में सुझाव लिखकर भेजना होगा। जिससे उम्मीद है कि सब मिलकर सुझाव पर विचार कर पढ़ाई को और बेहतर बना सके। डीएम ने कहा कि शाहजहांपुर में अलग-अलग विभागों के तमाम कर्मचारी हैं। उनके संगठन भी हैं। अलग-अलग तरह की कर्मचारियों की समस्याएं भी हैं। प्रशासन की तरफ से उनकी समस्याओं को सुना जाता है और निस्तारण करने का प्रयास भी किया जाता है। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी तीन से चार दिन में कर्मचारी संगठनों को बुलाकर उनसे बात कर उनकी समस्याओं का समाधान कराएं दस नवंबर को मेरे द्वारा ज्यादा संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बातचीत की जाएगी। जो संगठन के लोग अपनी समस्याओं को मेरे सामने रखना चाहते हैं।

# बच्चों ने बिना रंग-गुलाल के बनाई प्राकृतिक रंगोली

- सोनभद्र में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के स्टूडेंट्स का कमाल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नगवा में बच्चों ने एक खास रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। ब्लॉक स्काउट शिक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ₹महादेव₹ के निर्देशन में बच्चों ने बिना रंग और गुलाल के फूलों और पत्तियों का उपयोग कर प्राकृतिक रंगोली बनाई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 के भैया-बहन सबसे आगे रहे। इनमें इंद्रजीत, चंदन, राम शीश, सर्वोत्तम, ममता, रुपा, जानकी और आरती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, कक्षा 8 के संदीप, सरफराज, किशन और शिवराम द्वारा बनाई गई रंगोली दूसरे स्थान पर रही, जबकि कक्षा 7 की मनोरमा, खुशबू और आरती की रंगोली तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रदीप कुमार गुप्ता, पवन कुमार सिंह, उर्मिला देवी और ममता देवी ने किया और उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. बृजेश महादेव ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण ढंग से दीपावली मनाने की अपील की। उन्होंने बच्चों को दीप जलाकर और पटाखों से दूर रहकर पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए दीपावली मनाने का संकल्प दिलाया।

# गाजियाबाद में चार छात्रों ने ताइक्वांडो में हासिल की ब्लैक-बेल्ट



### छाया पब्लिक स्कूल में हुआ ताइक्वांडो ग्रेडिंग बेल्ट टेस्ट का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, साउथ कोरिया ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा ताइक्वांडो ग्रेडिंग बेल्ट टेस्ट का आयोजन छाया पब्लिक स्कूल वैशाली गाजियाबाद शाखा में कराया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अधिराज द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल स्वस्थ व प्रसन्न रहने का सबसे सीधा और सरल माध्यम है, इसके द्वारा हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनाक्षी ने कहा कि ताइक्वांडो जहां खिलाड़ियों के अंदर खेल प्रतिस्पर्धा पैदा करती है दूसरी तरफ लड़कियों के अंदर सेल्फ डिफेंस का भी एक मजबूत स्किल प्रदान करती है। इस परीक्षा में छाया पब्लिक स्कूल के यशवर्धन, सृष्टि रावत, हर्षित सिंह, शिवम श्रीवास्तव और उत्कर्ष ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त की।

इस मौके पर खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार परीक्षा अधिकारी बम बहादुर, सहयोगी मुस्कान अंकित आनंद प्रदीप कुमार ऋषभ आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में हत्या के आरोप में बंद आरोपी की मौत

- गले में कैंसर का चल रहा था इलाज, 15 दिन पहले जेल में मिले थे परिजन

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में एक बंदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बंदी पिछले तीन साल से हत्या के आरोप में जिला कारागार में बंद था। उसके गले में कैंसर हो गया था। लखनऊ में इलाज कराने के बाद बंदी को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बंदी की मौत हो गई। बंदी थाना पुवायां के डूडा गांव का रहने वाला था। जिला कारागार प्रशासन की सूचना पर परिजन राजकीय मेडिकल कालेज पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुवायां के डूडा गांव के मूल रूप से रहने वाले सुनील मिश्रा कुछ समय से लखीमपुर जिले में रह रहे थे। उन पर हत्या समेत कई मुकदमे दर्ज थे। 30 जुलाई 2021 में हत्या के आरोप में सुनील मिश्रा को जिला कारागार भेजा गया था। तब से वह जेल में बंद थे। सुनील मिश्रा पिछले काफी समय से बीमार थे। तबियत बिगड़ने पर उनकी जांच कराई गई, तो उनके गले में कैंसर निकला। उनका लखनऊ में आपरेशन भी हुआ था। उसके बाद बंदी को जिला कारागार लाया गया। शुक्रवार को बंदी की हालत बिगड़ने पर उनको राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बंदी की मौत के बाद जिला कारागार प्रशासन की तरफ से परिजनों को सूचना दी गई। परिजन राजकीय मेडिकल कालेज पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले जेल के अंदर बंदी से मिले थे। तब उन्होंने कहा था कि गले में दर्द हो रहा है।

वह काफी समय से बीमार थे।

जिला कारागार अधीक्षण मिजाजी लाल ने बताया कि बंदी को गले में कैंसर हो गया था। उनका लखनऊ में आपरेशन हुआ था। अब हालत बिगड़ने पर राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान बंदी की मौत हो गई।

## इलेक्ट्रॉनिक शो रूम में लगी भीषण आग

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के इसौली रोड पर स्थित मोहम्मद इरसाद का इलेक्ट्रॉनिक शोरूम देर रात एक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।जानकारी के मुताबिक, इरसाद ने गुरुवार शाम अपनी दुकान बंद की थी और घर लौट गए थे। अचानक रात करीब 12 बजे शोरूम में आग लग गई। दुकान से उठते धुएं और आग की लपटों को देख आसपास के दुकानदारों ने इरसाद को फोन कर इस घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही इरसाद तुरंत मौके पर पहुंचे और पास के लोगों की मदद से दुकान का शटर उठाया। तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो पाइपों की मदद से करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान का लगभग 10 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था।

## हमलावर सांड को अमेठी प्रशासन ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में पिछले 24 घंटे से आतंक का पर्याय बने आवारा सांड को आखिरकार प्रशासन ने पकड़ लिया। इस सांड को अब अलीपुर गौशाला में भेज दिया गया है। यह पूरा मामला गौरीगंज ब्लॉक के मऊ गांव का है, जहां समाजवादी पार्टी के बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह का निवास है।गांव में सांड ने सुबह से ही आतंक मचा रखा था। कई लोग इसके हमले में घायल हो गए। इनमें एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना ने ग्रामीणों में डर और चिंता फैला दी।पशु विभाग, वन विभाग और ग्राम विकास विभाग के कर्मचारी, साथ ही सफाई कर्मचारी, इस सांड को पकड़ने के लिए जुट गए। कड़ी मेहनत के बाद शाम तक सभी ने मिलकर सांड को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। इस घटना के बाद मऊ गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोग राहत की सांस ले रहे हैं।

# गौ पालन व गौ आधारित खेती से किसान बनेगा स्वस्थ्य एवं आत्मनिर्भर - श्याम बिहारी गुप्ता

### पत्रकारों को शॉल उड़ाकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झांसी। हाल ही में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुंदेलखंड में गौ सेवा व प्राकृतिक संरक्षण एवं प्राचीन पद्धति से खेती-बाड़ी एवं गौ पालन, जल संरक्षण के लिए हमेशा संघर्षरत झांसी जिले के छोटा योगी के नाम से चर्चित श्याम बिहारी गुप्ता को गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष बनाए जाने के बाद शनिवार को कस्बा गुरसरांय में उनके प्रथम आगमन पर अखिल भारतीय गायत्री परिवार के प्रमुख एडवोकेट सतीश चौरसिया और झांसी जिले की सबसे दूर पिछड़े क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह परिहार के संयोजन में विशाल किसान गोष्ठी संपन्न हुई जिसमें गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) श्याम बिहारी गुप्ता का गरौठा तहसील के प्रमुख लोगों से लेकर जनप्रतिनिधियों, गौ पालकों ने माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।इस दौरान अपने संबोधन में राज्यमंत्री श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक किसान को एक-एक गाय पालन के लिए मुहिम चलाई जाएगी।उन्होंने कहा कि गौवंश आधारित खेती से लेकर प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर किसानो को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण और जनजीवन के बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए सभी किसानों को आज के समय काम करने की आवश्यकता है।इस दौरान उन्होंने गौ पालकों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक शत्रुघ्न सिंह परिहार (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) और एडवोकेट सतीश चौरसिया ने श्याम बिहारी गुप्ता द्वारा गौ सेवा व किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सभी लोगों को मिलजुल कर आगे बढ़ने की समय की आवश्यकता बताई।इस दौरान करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह (छोटू अस्ता) द्वारा राज्यमंत्री श्यामबिहारी गुप्ता को पगड़ी पहनाकर व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र चौरसिया, शत्रुघ्न सिंह परिहार, राम नारायण पस्तोर, अवधेश सिंह फौजी, आत्माराम फौजी, मान सिंह परिहार, प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव, डॉक्टर अशोक मिश्रा, जगराम सिंह अस्ता, राम बरन सिंह गोर, अरविंद गुप्ता, अनुज द्विवेदी प्रधान, मनोज कुमार प्रधान, अवध किशोर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पत्रकारों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री श्याम बिहारी गुप्ता द्वारा वरिष्ठ पत्रकार कुंवर रामकुमार सिंह, अखिलेश तिवारी, सुखदेव ब्यास, शौकीन खान, संदीप श्रीवास्तव, सोम मिश्रा, गोविंद अरुण चतुर्वेदी, नितिन मोदी, गोविंद सिसोदिया, अंकित सेंगर, राजेंद्र बुंदेला, हेमंत यादव, कल्लू वर्मा आदि को पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने पर सम्मानित किया गया।

## बीच बाजार एकत्रित हो रहे कचरे से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त

### लोगों में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। जनपद की कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी पसरट में आजकल सड़कों पर कचरे का अंबार नजर आ रहा है ऐतिहासिक स्थल कला मंदिर के पास नगर निगम द्वारा सड़क पर ही भारी मात्रा में कचरा एकत्रित किया जा रहा है जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा तो हो ही रही है साथ ही संक्रामक रोग भी फैल रहे हैं। कचरा डालने वाले कर्मचारियों से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया किसी जनप्रतिनिधि के आदेश पर यह कचरा डाला जा रहा है। इस समस्या को लेकर समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी और आसपास के लोगों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा जनपद में कचरा एकत्रित करने के लिए कई डम्पयार्ड बनाए गए हैं जहां पर निगम निगम द्वारा कचरा एकत्रित किया जाता है लेकिन बीच बस्ती में इस तरह सफाईकर्मियों द्वारा कचरा फेंक कर चले जाना लोगों के लिए समस्या का विषय बन रहा है जल्द से जल्द इस समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो क्षेत्रीय लोगों द्वारा इसका व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर स्वरूचि भोज

### डीएम -एसपी समेत अन्य अधिकारी व भाजपाई हुऐ शामिल





अमन लेखनी समाचार

अमेठी में जिला पंचायत अध्यक्ष और उद्योगपति राजेश अग्रहरी के आवास पर देर शाम स्वरुचि भोज का भव्य आयोजन किया गया। यह भोज दीवाली के अगले दिन मनाया गया, जिसमें जिलाधिकारी (डीएम) निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनूप सिंह समेत जिले के अन्य अधिकारी और भाजपा के प्रमुख नेता शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन देर रात करीब दो बजे हुआ।राजेश अग्रहरी के आवास पर आयोजित इस सुरुचि भोज की परंपरा पिछले कई दशकों से चलती आ रही है। इस विशेष अवसर पर जिले के सभी जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी, विभिन्न दलों के नेता, क्षेत्र पंचायत सदस्य, गणमान्य व्यक्तियों और महिलाओं को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की जिम्मेदारी व्यापार मंडल और रामलीला समिति के पदाधिकारियों को सौंपी गई थी, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। भोज के दौरान सभी अतिथियों ने एक-दूसरे से मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।आयोजक राजेश अग्रहरी ने बताया कि वह हर साल दीवाली के अगले दिन इस स्वरुचि भोज का आयोजन करते हैं, और इस वर्ष भी उन्होंने इसी परंपरा को जारी रखा है। इस भोज ने जिले के नेताओं और अधिकारियों को एक मंच पर लाने का काम किया और इस अवसर पर सभी ने मिलकर एक दूसरे के साथ दीवाली का जश्न मनाया।

## अपने अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त करती पुलिस

अमन लेखनी समाचार



अमेठी त्यौहार भाई दूज एवं छठ पूजा आदि के दृष्टिगत एवं शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में, ॒मिशन शक्ति॒ नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र मोहनगंज में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

## एसपी द्वारा उपनिरीक्षक से निरीक्षको को स्टार लगाकर दी पदोन्नति की शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार



अमेठी पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा जनपद अमेठी के पुलिस कार्यालय में नियुक्त 02 उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर निरीक्षक बने अवनीश कुमार चौहान संदीप कुमार राय को स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनांए दी एवं बताया गया कि आज से पुलिस विभाग व समाज के प्रति आप लोगों का दायित्व एवं कर्तव्य और बढ़ गये हैं, जिसे और जिम्मेदारी के साथ निभाकर अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करना है।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की मनाई गई पुण्यतिथि



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर।आजादी के संघर्षी इतिहास मे देशभक्तों की महत्ता के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के तहत जिनका देश ऋणी है के अन्तर्गत भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती 31 अक्टूबर पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि सरदार पटेल भारत के एकीकरण के भगीरथ थे, इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, पटेल के लौह प्रयासों के फलस्वरूप भारत का एकीकरण हुआ, 562 देशी रियासतों का भारत मे विलय हुआ, फलतः ये लौह पुरुष कहलाये, 1928 के बारदोली संघर्ष मे पटेल ने किसानों के मुद्देको प्रमुखतः से अग्रसारित किया, किसानों का समाधान निकला, महिलाओं ने पटेल को सरदार की उपाधि प्रदान की, ये सही मायने मे देशसेवी थे।ये भारत के उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने, अगर सच पूछा जाये तो सरदार ही प्रधानमंत्री के हकदार थे, कालांतर मे सरदार पटेल का 15 दिसम्बर 1950 को निधन हो गया। कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, दिलीप अवस्थी, आयुष शिवहरे, आशीष पान्डेय, सिद्धा, संतोष, सागर, प्रिन्स, महावीर जे ई, महावीर प्रजापति, भोलू सिंह, दस्सी और अजय गुप्ता आदि शामिल रहे।

## रालोद प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह को दीपावली की बधाई दी



अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर दीपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उत्तर प्रदेश में हो रहे विधानसभा के उपचुनाव में एन डी ए के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने और पूर्वांचल, मध्य, और बुंदेलखंड में पार्टी के विस्तार पर विचार विमर्श के साथ मीडिया में पार्टी का विस्तृत व आधिकारिक पक्ष सही तरीके से रखने पर भी चर्चा हुई।

# करंट से भाई बहन की हुई मौत, मां की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बीघनपुर में विद्युत करंट की चपेट में आ जाने से 15 वर्षीय भाई शिवा तथा 21 वर्षीय बहन ज्योती पुत्री जगतनारायण सैनीकी मौत हो गई वहीं दोनों को बचाने में बुरी तरह झुलसी मां सियादुलारी की हालत गंभीर बताई गयी ग्रामीण जगतनारायण सैनी नागपुर शहर में प्राइवेट नौकरी करते हुए गांव में अपने चार बच्चों एवं पत्नी का भरण पोषण करता है जहां गांव में निवास कर रहे बेटे शिवा खेत जाने के लिए साइकिल निकाल रहा था उसी समय इनवर्टर का टूटा हुआ तार साइकिल में टच हुआ और बालक पूर्णतया विद्युत के आगोश में आ गया यह देख बहन ज्योती बचाने के लिए दौड़ पड़ी जिसे बिजली ने अपना दूसरा शिकार बनाया यह दृश्य देख छोटे भाई कशिश तथा ओंकार ने शोर मचाया जहां दौड़कर आई माँ सियादुलारी ने भी बचाने का प्रयास किया जो बुरी तरह झुलस गई आनन फानन परिजन नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद इलाज हेतु ले गए परंतु बालक शिवा तथा बहन ज्योती की सांसे पहले ही थम चुकी थी वहीं बुरी तरह झुलसी मां की भी हालत खबर लिखते समय तक चिंताजनक बताई गई यह जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया वहीं पिता जगतनारायण सैनी ने सूचना पाकर अपने पैतृक गांव बीघनपुर के लिए नागपुर से प्रस्थान किया इस विषय में जानकारी लेने पर स्थानीय थाना चांदपुर प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार की पीड़ित या पीड़ित के परिजनों की लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई यदि लिखित तहरीर आती है तो उस पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत नदेहरा व बिलहड़ी गौशाला का किया निरीक्षण ,किया गौपूजन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर।गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ग्राम पंचायत नदेहरा व बिलहड़ी स्थित गौशाला का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नदेहरा ग्राम पंचायत स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा गौपूजन कर गायों को गुड़ व हरा चारा आदि खिलाया। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला में चारा पानी भूसा के पर्याप्त प्रबंध रखे जाएं तथा हरा चारा की व्यवस्था रखी जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने बिलहड़ी स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहाँ के भूसा व अन्य स्टॉक को देखा। तत्पश्चात गौपूजन कर गायों को गुड़ आदि खिलाया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले ठंड के मौसम के दृष्टिगत गौशालाओं में ठंड से बचाव के पर्याप्त प्रबन्ध रखे जाय इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कोई भी अन्ना गोवंश सड़कों पर इधर-उधर घूमता ना पाया जाए। अन्ना गोवंश को प्रत्येक दशा में गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। बीमार पशुओं की नियमित रूप से जांच कर उनको स्वास्थ्य लाभ दिया जाए। कहा कि सभी गौशालाओं में टीनशेड / छाया आदि का प्रबंध रखा जाए। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्साधिकारी व खंड विकास अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं यथा चारा, पानी, भूसा ,टीनशेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ग्राम नुनार चौकरी में चांचर प्रतियोगिता का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झांसी। ग्राम नुनार चौकरी के वारहद्वारी मंदिर प्रांगण मे स्व0 राकेश शरण कौशिक की पुण्य स्मृति मे चांचर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चांचर प्रतियोगिता मे जिला महोबा के ग्राम दुलारा की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि दूसरे नंबर पर ग्राम सुजानपुरा की टीम विजय रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक रामनरेश तिवारी ने कहा है कि बुन्देलखण्ड की आत्मा गाँव में वसती है।उन्होंने प्रतियोगिता के लिये मंचासीन मंच पर टीन सेट लगवाने गुरसरांय सड़क से चौकरी गाँव तक पक्की सडक बनवाने, पानी की असुविधा को देखते हुये नलकूप लगवाने की घोषणा की।इस मौके पर उन्होने कहा है कि राष्ट्र हित को बचाने के लिये हम सब को केन्द्र एवं राज्य सरकार मजबूत करनी होगी, तभी हमारी आने वाली पीढी का भविष्य सुरक्षित है। इस मौके पर गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत, एमएल सी प्रतिनिधि आर0पी0 निरंजन द हिंदू फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य शत्रुघन सिंह परिहार, जितेन्द्र पटेल, हरप्रसाद पटेल, मयंक गुप्ता ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली टीमो को नगद राशि भेंटकर सम्मानित किया।इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द हिन्दु फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि चाचर प्रतियोगिता बुदेलखंड की धरोहर है। इस धरोहर को संजोए रखने के लिए हम सभी को मिलकर इसे आगे बढाना होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत ने कहा है कि ग्रामीण स्तर पर पुरानी संस्कृति की विरासत को संजोय रखने के लिए गांव के लोग आज भी बुदेलखंड की परंपरा को कायम रखने के लिए जागरूक है। कार्यक्रम का संचालन मंगल प्रसाद, सुधीर कौशिक ने किया। अंत मे कार्यक्रम के आयोजक सुशील गुप्ता व बीएस कौशिक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।इस मौके पर श्याम बिहारी गुप्ता (राज्यमंत्री) नगर पंचायत अध्यक्ष गरौठा डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, जितेंद्र पटेल (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## गौशालाओं मे डीएम ने किया गो-पूजन गोवंशों को खिलाया गुड़ व केला

अमन लेखनी समाचार

अमेठी गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों में गो-पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी गौशालाओं को भव्य तरीके से सजाया गया तथा गो पूजन के उपरांत गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया गया। इस अवसर पर विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत वृहद गो संरक्षण केंद्र दक्खिन गांव में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पूरे विधि विधान से गो-पूजन किया तथा मौजूद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## रील बनाने के लिए नदी के पुल से युवक ने लगाई छलांग

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर।कोतवाली क्षेत्र के गोहानी गांव निवासी दुलीचंद्र पाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे बेटा रामकुमार (25) कस्बाखेड़ा गांव स्थित विरमा नदी में नहाने के लिए गए थे, जो गहराई में जाने से डूब गया। वहीं, नदी में नहा रहे प्रत्यदर्शियों का कहना है कि रामकुमार रील बनवाने के लिए पुल के ऊपर से नदी के बीचों बीच में कूद गया। जब कुछ देर तक उसका पता नहीं चला तो साथियों ने शोर मचाया। गांव में युवक के डूबने की खबर का पता लगने पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए और नदी के पुल पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम के साथ आक्रोशित ग्रामीणों ने धक्का मुक्की कर दी। भीड़ को समझा बुझा रहे पुलिस कर्मी के साथ महिलाएं हाथापाई करने लगी। पुलिस ने लाठियां पटक कर भीड़ को काबू में किया। एसडीएम अभिमन्यु कुमार, नायब तहसीलदार धनेंद्र कुमार, कोतवाल उमेश कुमार सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे।

### एसआरडीएफ की 12 सदस्यीय टीम तलाश में जुटी

ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कराया, लेकिन चौबीस घंटे बाद भी युवक का अता पता नहीं चल सका। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने कहा कि लखनऊ से आई एसआरडीएफ की 12 सदस्यीय टीम द्वारा रेस्क्यू चल रहा है। दुलीचंद पाल ने बताया कि बेटा गुड़गांव की प्राइवेट कंपनी में काम करता है, जो दिवाली का त्योहार मनाने गुरुवार शाम को ही घर आया था।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## 'आजाद' का पहला पोस्टर जारी

**नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन और उनके भतीजे अमान देवगन की फिल्म के पोस्टर का पहला लुक जारी हो चुका है। फिल्म के पोस्टर को देखकर अभिनेता के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। दिवाली पर 'आजाद' का पोस्टर जारी हो गया है। फिल्म का पोस्टर अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। फिल्म में अजय देवगन के भतीजे अमान देवगन के साथ रवीना टंडन की बेटी राशा थदानी भी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं। अजय देवगन के भतीजे और रवीना की बेटी की डेब्यू फिल्म 'आजाद' का टीजर 'सिंघम अगेन' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रहा है। फिल्म अगले साल जनवरी में आएगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में अभी तक किसी का चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस फिल्म में दोस्ती और दिल को छू जाने वाली कहानी को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

## प्रियंका
## धनतेरस पर बेटी को पहनाईं चूड़ियां

एजेंसी ▸▸ मुंबई

प्रियंका हर साल पति निक जोनस और ससुरालवालों के साथ धूमधाम से दिवाली सेलिब्रेट करती हैं। इस बार भी उनका ऐसा ही इरादा है। पर प्रियंका ने हाल ही बेटी मालती और पति निक के साथ धनतेरस का त्योहार मनाया।

प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ धूमधाम से धनतेरस मनाया। प्रियंका ने बेटी मालती के लिए चूड़ियां खरीदीं। उन्होंने मालती और निक के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। प्रियंका चोपड़ा काफी समय पहले ही लॉस एंजेलिस में जाकर बस गईं और वहीं की जिंदगी में रम गईं। प्रियंका ने बॉलीवुड छोड़ हॉलीवुड में ही काम करना शुरू कर दिया। पर विदेशी सरजमीं पर भी वह अपने संस्कार और भारतीय त्योहारों को नहीं भूलीं।

प्रियंका हर साल पति निक जोनस और ससुरालवालों के साथ धूमधाम से दिवाली सेलिब्रेट करती हैं। इस बार भी उनका ऐसा ही इरादा है। पर प्रियंका ने हाल ही बेटी मालती और पति निक के साथ धनतेरस का त्योहार मनाया। प्रियंका ने धनतेरस पर बेटी को मां लक्ष्मी का स्वरूप मानते हुए उसे खूबसूरत चूड़ियां दिलवाईं। मालती ने इन चूड़ियों को पहना और झूम उठीं। प्रियंका ने मालती, अपने और निक जोनस के हाथ की एक प्यारी तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। साथ में प्रियंका ने लिखा है, 'सभी को धनतेरस की शुभकामनाएं।'



हॉलीवुड मसाला





## 29 को भारत में होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** वॉल्ट डिजनी एनिमेशन स्टूडियो की फिल्म 'मोआना 2' इस साल 29 नवंबर को भारत में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर निर्देशक, सह निर्देशक और लेखक ने अपनी राय साझा की हैं। वॉल्ट डिजनी एनिमेशन स्टूडियो की फिल्म 'मोआना 2' इस साल की बहुप्रतीक्षित एनिमेटेड फिल्म है। फिल्म की रिलीज के एक महीने पहले कैलिफोर्निया में वॉल्ट डिज्नी एनिमेशन स्टूडियो में एक प्रेस कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## ब्रूस स्प्रिंगस्टीन की बायोपिक है 'डिलीवर मी फ्रॉम नोव्हेयर'

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड स्टार जेरेमी एलन व्हाइट अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन के बायोपिक 'डिलीवर मी फ्रॉम नोव्हेयर' से उनका पहला लुक सामने आ चुका है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के अनुसार स्कॉट कूपर द्वारा निर्देशित और लिखित, 'डिलीवर मी फ्रॉम नोव्हेयर' स्प्रिंगस्टीन के 1982 के एल्बम 'नेब्रास्का' के निर्माण के बारे में इसी नाम की वॉरेन ज़ेन्स की किताब पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से न्यूयॉर्क और लॉस एंजिल्स में चल रही है। फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। स्प्रिंगस्टीन के 'नेब्रास्का' की रिकॉर्डिंग उनके संगीतमय सफर में एक मील का पत्थर मानी जाती है और उसे कलाकारों और संगीतकारों की एक पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत माना जाता है।



## उनके फैंस की दीवानगी पागलपन है...

**नई दिल्ली।** हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'दो पत्ती'में काजोल, कृति सेनन, शहीर शेख और तन्वी आजमी नजर आ रहे हैं। शहीर के फैंस ने अपने चहीते एक्टर पर दिल खोलकर प्यार लुटाया है। खुद कृति सेनन ने भी इस बात का खुलासा किया है कि शहीर की फैंस फॉलोइंग देख वह खुद भी हैरान थीं। शहीर शेख ने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी। अपने करियर में उन्होंने 'संजा', 'नव्या', 'बेस्ट ऑफ लक निक्की'और 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी' जैसे कई हिट टीवी सीरियल्स में काम किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में कृति सेनन ने शहीर शेख की 'पागलपन वाली फैन बेस'के बारे में बात की और बताया कि उनके फैंस उन्हें कितना प्यार करते हैं। कृति सेनन ने बताया कि उन्हें पता था कि शहीर शेख की बड़ी फैन फॉलोइंग है।



## मां-बेटे-बेटी के साथ साझा की क्यूट तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी मां, बेटी रूही और बेटे यश के साथ बेहद ही प्यारी और क्यूट तस्वीरें साझा की हैं। करण ने प्रशंसकों को दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं, जिस पर अब प्रशंसक लगातार उन्हें कमेंट कर रहे हैं। दिवाली के त्यौहार के मौके पर बॉलीवुड सितारे सोशल मीडिया पर अपने परिवार के साथ अक्सर खुशियों भरे पलों को साझा करते हैं। दिवाली के शुभ अवसर पर करण जौहर ने भी सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपनी मां हीरू जौहर और अपने बच्चों यश और रूही के साथ दिल को छू लेने वाली तस्वीरें पोस्ट कीं। करण ने लिखा, 'हमारी ओर से आपको त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं तथा प्यार, खुशी, आपसी सम्मान और प्यार करने तथा जीवन को पूरी तरह से जीने की क्षमता की कामना करते हैं।' द

टीवी मसाला



## केबीसी के मंच पर वरुण ने अमिताभ से पूछे पेरेंटिंग टिप्स

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 16 सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित हो रहा है। आने वाले एपिसोड में वरुण धवन, निर्देशक राज और डीके के साथ केबीसी 16 के मंच पर दिवाली के अवसर पर नजर आएंगे। इस दौरान वरुण ने अमिताभ से पेरेंटिंग टिप्स लिए। वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी को लेकर लगातार चर्चा में बनु हुए हैं। इस वेब सीरीज के प्रमोशन के लिए वरुण इस सीरीज के निर्माता राज और डीके के साथ कौन बनेगा करोड़पति 16 के मंच पर धमात मचाने आ रहे हैं। इस दिवाली एपिसोड में जमकर धमाल होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमिताभ बच्चन वरुण धवन से उनकी बेटी के बारे में पूछते हैं। वे पूछते हैं, 'यह दिवाली आपके लिए बेहद खास है क्योंकि देवी लक्ष्मी स्वयं आपके घर आई हैं। क्या आपने उसका नाम सोचा है?' वरुण मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, 'हां, हमने सोचा है, हालांकि हमने अभी तक इसे साझा नहीं किया है। मैं अभी भी उससे जुड़ना सीख रहा हूं- यह वैसा ही है जैसा आपने कहा कि जब एक बच्चा घर आता है, तो सब कुछ बदल जाता है।' सिटाडेल अभिनेता बिग बी से यह भी पूछते हैं कि जब वे पिता बने तो उनकी भावनाएं क्या थीं और क्या वे उस समय पूरी नींद लेने में कामयाब रहे। बिग बी ने कहा, 'हम सोने में कामयाब रहे, लेकिन हमेशा थोड़ी चिंता बनी रहती थी। क्या सब कुछ ठीक है? उस समय, एक नया गैजेट आया था। आप इसे बिस्तर के पास रखते थे, और अगर बच्चा थोड़ी सी भी आवाज करता, तो यह हमें सचेत कर देता। यह काम आया!' आगे बिग बी ने कहा, 'यहां एक सुनहरा नियम है- अपनी पत्नी को खुश रखें। अगर वह खुश है, तो बाकी सब ठीक हो जाएगा, और जब वह खुश होगी, तो आपकी बेटी भी खुश रहेगी। याद रखें 'पत्नी सर्वोच्च है।'

## दिलीप को ऑफर हुआ था चंपक चाचा का रोल

**नई दिल्ली।** लोगों 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बहुत पसंद है। उन्होंने सिर्फ इस शो को ही नहीं, इस शो के हर किरदार को अपने दिल में जगह



दी है। लेकिन जेठालाल और चंपक चाचा के किरदार से उनका लगाव थोड़ा ज्यादा है। बता दें, जब से ये शो शुरू हुआ है तब से जेठालाल का किरदार दिलीप जोशी और चंपक चाचा का रोल अमित भट्ट निभा रहे हैं। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स ने दिलीप जोशी को पहले चंपक चाचा के रोल के लिए अप्रोच किया था। हालांकि, दिलीप को लगा कि वह जेठालाल का रोल बेहतर तरीके से निभा पाएंगे। दिलीप जोशी ने जेठालाल के लिए ऑडिशन दिया और चंपक चाचा के किरदार के लिए अमित भट्ट का नाम दिया। इस तरह, अमित भट्ट को बिना ऑडिशन दिए चंपक चाचा का रोल मिल गया। वहीं, दिलीप जोशी को जेठालाल के किरदार के लिए सिलेक्ट कर लिया गया।



## अगली फिल्म की लोकेशन के लिए जंगलों में भटक रहे हैं राजामौली

**नई दिल्ली।** एसएस राजामौली अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में बिजी हैं। वो महेश बाबू के साथ फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिलहाल इस फिल्म का नाम SSMB29 कहा जा रहा है। मेकर्स ने अभी तक फिल्म का ऑफिशियल टाइटल अनाउंस नहीं किया है। फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होने जा रही है और राजामौली फिल्म के लिए लोकेशन की तलाश में निकल पड़े हैं। वो लोकेशन की तलाक में केन्या तक पहुंच गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लोकेशन ढूंढने की फोटोज और वीडियो शेयर की हैं। इसी बीच फिल्म का बजट भी सामने आ गया है। रिपोर्ट्स की माने तो फिल्म का बजट 1000 करोड़ है। बजट सुनकर ही फैंस चौंक गए हैं। एक यूजर ने लिखा- हॉलीवुड रेंज की फिल्म आ रही है। एक ने लिखा- ग्लोबल बॉक्स ऑफिस.

वर्कफ्रंट की बात करें तो एसएस राजामौली की आखिरी फिल्म आरआरआर आई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस फिल्म ने एक ऑस्कर अवॉर्ड भी अपने नाम किया है। आरआरआर से पहले राजामौली बाहुबली के दो पार्ट लेकर आए थे और दोनों ही हिट साबित हुए थे। इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई की थी।

## बेगम अख्तर की गायकी से प्रभावित हो गईं थीं सरोजनी नायडू, उपहार में दी थी खूबसूरत साड़ी

**नई दिल्ली।** गायिका बेगम अख्तर को उनकी बेमिसाल गायिकी के लिए जाना जाता है। उनकी गायिकी से प्रभावित होकर सरोजनी नायडू ने उन्हें भेंट में साड़ी दी थी। प्रसिद्ध गायिका बेगम अख्तर को उनकी गजल, ठुमरी, दादरा के कारण जाना जाता है। बेगम अख्तर का असली नाम अख्तरी बाई फैजाबादी है। उन्हें उनके गानों के लिए पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उन्हें गायन के इतिहास में 'मल्लिका-ए-गजल' कहा जाता है।

***बचपन से बनना चाहती थीं गायिका :*** प्रसिद्ध गायिका बेगम अख्तर बचपन से ही गायिका बनना चाहती थीं, उनके परिवार वाले उनकी इस इच्छा के खिलाफ थे। उनके चाचा ने उनके इस शौक को पूरा करने में मदद की। वह एक कुलीन परिवार से ताल्लुक रखती थीं। अख्तरी बाई को संगीत से पहला प्यार सात साल की उम्र में थिएटर में अभिनेत्री चंदा का गाना सुनकर हुआ।



***उस्ताद मोहम्मद खान से ली संगीत की शिक्षा :*** बेगम अख्तर ने बचपन से ही काफी मशहूर गायिका रही हैं। वे संगीत सीखने के लिए उस्ताद मोहम्मद खान के पास जाती थीं। शुरुआत में सही सुर न लगाने के कारण उनको डांट पड़ती थी, जिसके बाद उन्होंने संगीत छोड़ने की ठान ली। वह रोने लगी तो उस्ताद ने उन्हें समझाया कि ऐसे हिम्मत नहीं हारते हैं।

### भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए हुआ था आयोजन

15 साल की उम्र में बेगम अख्तर ने अपनी पहली स्टेज परफॉर्मेंस दी थी, इस कार्यक्रम में 1930 में बिहार भूकंप पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद जुटाने का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची सरोजिनी नायडू ने बेगम अक्खर से प्रभावित होकर उन्हें साड़ी तोहफे में दी थी।

### मंच पर बिगड़ गई थी तबीयत

बेगम अख्तर अहमदाबाद के मंच पर जब गाना गा रही थीं। इस दौरान उन्होंने 'वो तेग मिल गई, जिससे हुआ था कत्ल मेरा, किसी के हाथ का लेकिन वहां निशां नहीं मिलता' गाना गाया। इस बीच ही अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा, जहां हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हो गया।

## दिवाली पार्टी में लगा सितारों का मेला

***मुंबई।*** *त्योहार कोई भी हो, सिनेमा की दुनिया में अलग ही अंदाज में जश्न मनाया जाता है। अब दिवाली के मौके पर बॉलीवुड में एक के बाद एक पार्टी आयोजित हो रही हैं और सितारे उनकी शोभा बढ़ाने पहुंच रहे हैं। धनतेरस के दिन इंडस्ट्री में दिवाली पार्टी का आयोजन हुआ। इसमें अभिनेता वरुण धवन के साथ कई और नामी सितारे शामिल हुए। वहीं, बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारुकी भी कड़ी सुरक्षा के साथ पहुंचे।*



### टाइट सिक्योरिटी के साथ दिखे मुनव्वर

मशहूर यूट्यूबर और बिग बॉस 18 के विनर मुनव्वर फारुकी भी दिवाली पार्टी में नजर आए। वे कड़ी सुरक्षा के बीच वहां पहुंचे और पैपराजी को पोज दिए। ब्लैक कलर के आउटफिट्स में मुनव्वर हंसते-मुस्कुराते नजर आए। दिवाली पार्टी का आयोजन प्ले डीएमएफ और विकिर फिल्म्स की तरफ से किया गया।



### रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिखीं नताशा

हार्दिक पांड्या की एक्स वाइफ नताशा स्टेनकोविक भी पार्टी में नजर आईं। वे अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड अलेक्जेंडर एलेक्स के साथ नजर आईं। इससे पहले दोनों अबू जानी की दिवाली पार्टी में साथ शिरकत करते नजर आए।

**मुनव्वर की जान को खतरा :** मशहूर यूट्यूबर और बिग बॉस 18 के विनर मुनव्वर फारुकी को कथित रूप से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। हाल ही में पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दिकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली। गैंगस्टर लॉरेन्स बिश्नोई की तरफ से अभिनेता सलमान खान को कथित रूप से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बिश्नोई की तरफ से मुनव्वर फारुकी को भी जान से मारने की धमकी दी गई है, जिसके बाद वे अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं।

## टीवी की बहुओं ने जमाया रंग

*नई दिल्ली। जाने-माने टीवी प्रोड्यूसर संदीप सिकंद ने हाल ही दिवाली की एक धमाकेदार पार्टी रखी, जिसमें टीवी इंडस्ट्री के स्टार्स पहुंचे। जहां एक तरफ सुनील ग्रोवर से लेकर अली गोनी, विवेक दहिया और धीरज धूपर जैसे नामी टीवी एक्टर्स पहुंचे, तो वहीं टीवी की हसीनाओं ने भी अपने ग्लैमर से दिवाली पार्टी में चार चांद लगा दिए। दिव्यांका त्रिपाठी ने तो महफिल ही लूट ली। वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। मनीषा रानी भी खूब बन-ठनकर पहुंची थीं। दिव्यांका त्रिपाठी पति विवेक दहिया के साथ दिवाली की पार्टी में खूब बन-ठनकर पहुंचीं। वह वाकई खूबसूरत लग रही थीं और बाकी हीरोइनों पर भारी पड़ गईं। पॉपुलर एक्ट्रेस पूजा गौर साड़ी पहनकर दिवाली पार्टी में पहुंची थीं। यहां उन्होंने दिव्यांका के साथ खूब पोज दिए। टीवी की 'नागिन' बनकर मशहूर हुईं अदा खान भी दिवाली पार्टी का हिस्सा बनीं। पूजा गौर का ये अंदाज देख 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा की याद आ गईं। पार्टी में एकता कपूर , अली गोनी, जैस्मिन भसीन , अंजिल आनंद, मनीषा रानी, मोहित मलिक , धीरज धूपर नजर आए।*

